


आज की खबर आज ही

जनाकांक्षाओं का सजग प्रहरी

# चेतना मंच




वर्ष : 27 | अंक : 109 | website:www.chetnamanch.com | नोएडा, बृहस्पतिवार, 10 अप्रैल, 2025 | Chetna Manch | Chetna Manch | मूल्य 2.00 रु. | पेज: 8

# 26/11 का गुनहगार 'आतंकी राणा' उगलेगा राज

## NIA व RAW के शिकंजे में राणा, केन्द्र ने एडवोकेट नरेंद्र मान को नियुक्त किया सरकारी वकील



मुंबई(एजेंसी)। मुंबई पर वर्ष-2008 में 26/11 को हुए आतंकी हमलों की साजिश रचने वाला आतंकी तहव्वुर राणा किसी भी वक्त भारत पहुंच सकता है। भारत पिछले 17 वर्षों से राणा और उसके साथी डेविड कोलमैन हेडली के प्रत्यर्पण की कोशिश में लगा था। हेडली के मामले में भारत को फिलहाल खास सफलता नहीं मिली है, लेकिन आतंकी तहव्वुर राणा के मामले में अमेरिका की निचली अदालतों से लेकर सुप्रीम कोर्ट और राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत के दावों को मानते हुए उसके प्रत्यर्पण को मंजूरी दे दी। आतंकी तहव्वुर राणा को एनआईए और रॉ की संयुक्त टीम अमेरिका से विशेष विमान से लेकर भारत आ रही है। पालम टेक्निकल एयरपोर्ट से आतंकी तहव्वुर राणा को सीधे एनआईए के दफ्तर में ले जाया जाएगा। आतंकी तहव्वुर राणा स्वॉट टीम के कमांडों के घेरे में रहेगा और उसे बुलटप्रूफ कार में एनआईए दफ्तर लाया जाएगा।

26/11 हमले के मास्टर माइंड आतंकी तहव्वुर राणा के ऊपर पटियाला हाउस कोर्ट में सुनवाई की जाएगी। सुरक्षा कारणों से उसे वर्चुअली एनआईए के विशेष जज के सामने पेश किया जाएगा। आतंकी तहव्वुर राणा को दिल्ली की तिहाड़ जेल में रखा जा सकता है। केन्द्र सरकार ने नरेंद्र मान एडवोकेट को सरकारी वकील के रूप में नियुक्त किया है। आतंकी तहव्वुर राणा वर्ष-2009 से अमेरिका की जेल में बंद है और 17 साल बाद उसे भारत लाकर मुंबई हमले के राज उगलवाए जाएंगे।

आतंकी तहव्वुर राणा को भारत ला कर एनआईए की अदालत में पेश किया जाएगा। एनआईए पूछताछ के लिए अदालत से उसकी हिरासत मांगेगी। इसके साथ ही भारत में राणा के खिलाफ मुंबई आतंकी हमला मामले में न्यायिक प्रक्रिया की शुरुआत होगी। दिल्ली के तिहाड़ जेल प्रशासन ने भी तहव्वुर राणा के लिए उच्च सुरक्षा वाला जेल वार्ड बनाने की तैयारी शुरू कर दी है। हालांकि, राणा को कहां रखा जाएगा इस पर अंतिम फैसला गृह मंत्रालय लेगा।

अमेरिकी अदालत में अपने बचे हुए मौकों को खत्म करने के बाद राणा को ट्रंप सरकार की तरफ से प्रत्यर्पित कर दिया गया। रिपोर्ट्स के मुताबिक, इसकी जानकारी मिलते ही एनआईए की एक टीम उसे लेने के लिए रवाना हुई। इसमें आईजी-डीआईजी और दो जूनियर अधिकारी के शामिल होने की बात सामने आई है।

एनआई और रॉ की संयुक्त टीम की तहव्वुर राणा के प्रत्यर्पण में अहम भूमिका है. सूत्रों का कहना है कि एनआईए की DIG जया रॉय ने मंगलवार को तहव्वुर राणा के सरेंडर वॉरंट पर साइन किए थे, जिसके बाद उसे भारत प्रत्यर्पित किए जाने की प्रक्रिया आगे बढ़ी। राणा को लेकर भारतीय सुरक्षा एजेंसियों की टीम विशेष विमान से बुधवार सुबह लगभग 6.30 बजे दिल्ली के लिए रवाना हुई थी।

### तहव्वुर राणा के प्रत्यर्पण पर बोले पीयूष गोयल



केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने तहव्वुर राणा के प्रत्यर्पण कहा कि कांग्रेस सरकार के वक्त ताज होटल पर आतंकी हमला हुआ था, लोगों की जान गई थी लेकिन कांग्रेस सरकार ने आरोपियों के खिलाफ कुछ नहीं किया था. इसके उलट कांग्रेसी अजमल कसाब को बिरयानी खिला रहे थे। मोदी का संकल्प था कि आरोपियों को सजा दिलाएंगे। मुंबई वाले मोदी जी के कृतज्ञ हैं।

## मायावती की भतीजी दहेज उत्पीड़न का हुई शिकार

### नगर पालिका अध्यक्ष सहित 7 पर एफआईआर

हापुड़ (एजेंसी)।

बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री मायावती की भतीजी दहेज उत्पीड़न का शिकार हुई है। आरोप है कि हापुड़ नगरपालिका अध्यक्ष पुष्पा देवी, उनके पति श्रीपाल, पीड़िता के पति विशाल सहित कई लोगों ने दहेज के लिए उसे प्रताड़ित किया।



शिकायत के अनुसार, विवाह के बाद पीड़िता के ससुराल पक्ष ने दहेज में एक फ्लैट और 50 लाख रुपये की मांग की। जब यह मांग पूरी नहीं हुई, तो उसे शारीरिक और मानसिक रूप से प्रताड़ित किया गया। पीड़िता ने आरोप लगाया कि उसके पति विशाल ने मांसपेशियां बनाने के लिए स्टेरॉयड इंजेक्शन लेने की वजह से हिंसक व्यवहार किया।

पीड़िता ने न्यायालय के आदेश पर हापुड़ नगर कोतवाली में नगरपालिका अध्यक्ष पुष्पा देवी सहित 7 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

चूंकि आरोपी हापुड़ नगरपालिका की अध्यक्ष हैं, इसलिए मामले ने राजनीतिक रूप ले लिया है। बसपा नेता मायावती अभी तक इस मामले पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है, लेकिन विपक्षी दलों ने इस घटना को लेकर सवाल उठाए हैं।

हापुड़ पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धाराओं में केस दर्ज कर लिया है और तथ्यों की जांच कर रही है। पीड़िता ने सुरक्षा की गुहार लगाई है, क्योंकि आरोपी प्रभावशाली व्यक्ति हैं।

### सोसायटी के बाहर से चेन छीनी

ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)। थाना बिसरख क्षेत्र की एक सोसायटी के बाहर खड़े व्यक्ति से बाइक सवार दो बदमाश सोने की चेन छीन कर फरार हो गए। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। गौर सिटी दो स्थित वीवीआइपी होम्स सोसायटी में रहने वाले आलोक नौटियाल ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि वह 8 अप्रैल को 14 एवेन्यू सीनेट सोसायटी के गेट के पास खड़े हुए थे। इस दौरान पीछे से बाइक पर आए दो बदमाशों ने उनके गले से सोने की चेन झपट ली और फरार हो गए। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।

## ईडी का बड़ा एक्शन, ग्रैंड वेनिस मॉल पर छापा

ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)। प्रवर्तन निदेशालय ने PMLA के तहत बड़ी कार्रवाई की है। ग्रेटर नोएडा के ग्रैंड वेनिस मॉल के मालिक सतेंद्र सिंह भसीन के ठिकानों पर रेड की गई है। दिल्ली, नोएडा, गोवा में करीब छह ठिकानों पर छापेमारी की गई है। निवेशकों से पैसा हड़पने के मामले में PMLA के तहत की कार्रवाई की गई है। जानकारी के मुताबिक ग्रेटर नोएडा के मशहूर मॉल ग्रैंड वेनिस में आज ईडी की टीम अचानक छापेमारी करने पहुंची है। ईडी सुबह 7 बजे ही वेनिस मॉल में रेड




डालने पहुंच गई थी। 4 इनोव गाड़ियों में पहुंची ईडी की टीम मॉल के ऑफिस में कागजात खंगाल रही है।

डीएस ग्रुप और मॉल के मालिक सत्येंद्र उर्फ मोंटू भसीन में काफी दिनों से पार्टनरशिप को लेकर विवाद चल रहा है। केंद्रीय जांच एजेंसी इसी बाबत जांच करने पहुंची है। (शेष पृष्ठ-3 पर)

## 17 अप्रैल को 50 वर्ष में प्रवेश करेगा नोएडा

### स्थापना दिवस को लेकर तैयारी शुरू, 12 से शुरू होगा क्रिकेट टूर्नामेंट

नोएडा (चेतना मंच)। 17 अप्रैल को नोएडा प्राधिकरण 49 वर्ष पूरे कर 50वें वर्ष में प्रवेश करेगा। इस दौरान स्थापना दिवस को लेकर प्राधिकरण जोरदार तैयारी कर रहा है। मालूम हो कि 17 अप्रैल 1976 में नवीन ओखला औद्योगिक विकास प्राधिकरण (नोएडा) की स्थापना की गई थी। इस बार 17 अप्रैल को सुबह नोएडा प्राधिकरण के सेक्टर-6 स्थित प्रशासनिक परिसर में हवन पूजन किया जाएगा। इसके बाद सेक्टर-49 में कम्युनिटी किचन पर मजदूरों को खाना बांटा जाएगा। प्राधिकरण के सीईओ डॉ लोकेश एम स्वयं मौजूद रहकर मजदूरों को खाना बांटेंगे। इस दौरान शहर के उद्यमियों को सम्मानित किया जाएगा। वहीं किसानों को 5 प्रतिशत के भूखंड आवंटन पत्र भी सौंपे जाएंगे। नोएडा स्टेडियम में 12 अप्रैल से शुरू क्रिकेट टूनामंट का आयोजन होगा। जिसमें आठ टीमें भाग लेंगी। बता दें कि पिछले 49 वर्षों में नोएडा प्राधिकरण ने शहर के विकास में अभूतपूर्व कार्य किए हैं। इसी का नतीजा है कि नोएडा आज वैश्विक मानचित्र पर छा गया है। उद्योग धंधों के अलावा शहर का बहुमुखी विकास हुआ है।

## ससुर व जेठ ने बच्चों पर किया जानलेवा हमला

ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)। थाना रबूपुरा में एक महिला ने अपने ससुर व जेठ के खिलाफ घर में घुसकर मारपीट करने के आरोप में मुकदमा दर्ज कराया है। पीड़िता का आरोप है कि उसका ससुर व जेठ पूर्व में भी हमला कर उसके बच्चों को मारने का प्रयास कर चुके हैं।

ग्राम भाईपुर निवासी श्रीमती बबीता ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि 23 मार्च को उसके जेठ कौशल व ससुर मनीराम ने एक अज्ञात आदमी को उसके घर भेजकर उसे जान से मारने की धमकी दिलवाई। उक्त व्यक्ति जब उसे धमकी व गालियां दे रहा था तो उसने पुलिस को फोन करने की बात कही। इस दौरान उसका जेठ कौशल शर्मा उसके घर में (शेष पृष्ठ-3 पर)

## कुत्ते के दूध में मिला दी शराब टोकने पर लगा दी आग

ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)। दादरी कस्बे में स्ट्रीट डॉग के लिए गली में रखे दूध में सिरफिरे युवक ने शराब मिला दी। दूध रखने वाले व्यक्ति ने जब ऐसा करने से मना किया तो आरोपी, उसके पिता व भाई ने मारपीट की और कमरे में आग लगा दी। इस संबंध में थाना दादरी में मुकदमा दर्ज कराया गया है। चांद मस्जिद कस्बा दादरी में रहने वाली शहनाज ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि 2 अप्रैल को उसके पति साबू घर पर थे। उन्होंने गली के स्ट्रीट डॉग को दूध पिलाने के लिए एक बर्तन में दूध रखा था। पड़ोस में रहने वाले सोनू पुत्र निसार ने स्ट्रीट डॉग के लिए गली में रखे गए दूध में शराब मिला दी। (शेष पृष्ठ-3 पर)

## ईदगाह से निकले व्यक्ति को रोककर पीटा

ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)। थाना रबूपुरा क्षेत्र में ईदगाह से जा रहे एक व्यक्ति को तीन लोगों ने रास्ते में रोक लिया और मारपीट की। पीड़ित ने तीनों आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। ग्राम मेहंदीपुर निवासी ईरुव ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि वह 21 मार्च को कस्बा रबूपुरा स्थित ईदगाह से निकल कर जा रहा था। इस दौरान गांव के ही रिफ़ाकात, निज़ाकत व इसराइल ने उसे रोक कर गाली गलौज शुरू कर दी। उसने जब गाली देने का विरोध किया तो तीनों आरोपियों ने उसके साथ मारपीट की। मारपीट में वह घायल हो गया जिसके बाद आरोपी उसे भविष्य में देख लेने की धमकी देकर चले गए। पुलिस का कहना है कि तीन आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर दिया गया है।

## धूमधाम से मनाया भगवान महावीर का जन्म कल्याणक दिवस



नोएडा (चेतना मंच)। आज श्री 1008 पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर सेक्टर-50 में श्री 1008 भगवान महावीर स्वामी का जन्म कल्याणक धूमधाम से मनाया गया। मंदिर में प्रातः 5:30 बजे प्रभात फेरी निकाली गई।

श्री 1008 महावीर भगवान के जन्म महोत्सव पर श्रीजी का अभिषेक हुआ। इसके बाद महावीर भगवान की पालकी सेक्टर में निकाली गई जिसमें सैकड़ों कि संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे। इसी तरह सेक्टर 27 स्थित श्री दिगंबर जैन मंदिर में बैंडबाजों के साथ मंदिर से रथ यात्रा निकाली गई।

जैन धर्म के लोग आज के दिन प्रार्थना, उपवास और दान-पुण्य करते हैं, जिसमें अहिंसा, सत्य और करुणा पर जोर दिया जाता है, जो भगवान महावीर की मुख्य शिक्षाएँ हैं। जैन कैलेंडर और पारंपरिक पंचांग के अनुसार, महावीर जयंती चैत्र माह के शुक्ल पक्ष की त्रयोदशी तिथि को पड़ती है। कार्यक्रम के उपरांत सभी के लिए वात्सल्य भोज की व्यवस्था भी की गई है और भंडारे का भी आयोजन किया गया।

## तेरापंथ धर्म संघ ने मनाई महावीर जयंती




नोएडा (चेतना मंच)। सेक्टर-19 नोएडा मे तेरापंथ धर्म संघ द्वारा भगवान महावीर जयंती का कार्यकम मुनि विमल कुमार के सानिध्य मे आयोजित किया गया।

सेक्टर-19 नोएडा मे आचार्य महाश्रमण की कृपा से मुनिश्री विमल कुमार मुनिश्री मधुर कुमार मुनि अक्षय कुमार मुनि श्री धन्य कुमार जी के सान्निध्य में भगवान महावीर स्वामी की जन्मजयंती मनाई गयी।

तेरापंथी सभा के मंत्री सुरेंद्र बैद, पूर्व अध्यक्ष सुरेंद्र नाहटा, सतपाल जैन उत्तर प्रदेश युवा व्यापार मण्डल के प्रदेश अध्यक्ष विकास जैन, दिलीप चौराडिआ, महिला मंडल से मंत्री श्रीमती कुसुम जैन, एबीटीएम एम से श्रीमती अर्चना भंडारी, श्रीमती कंचन सेठिया, कविता लोढा आदि कई भाई बहन उपस्थित थे।



इस दौरान प्रभात फेरी निकाली गईतथा महिला मंडल द्वारा भगवान महावीर का जीवन दर्शन प्रदर्शित किया गया।

मुनि विमल कुमार भगवान महावीर स्वामी के जीवन के बारे मे बताते हुए कहा कि राज योग से विराग रूप मे जाकर जीवन जीने वाले भगवान महावीर कैसे जिए। त्याग का महत्व बताते हुए कहा की हमें महावीर के जीवन से शिक्षा लेनी चाहिए।



## कोढ़ में खाज

ऐसे वक्त में जब अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप के तुगलकी फैसलों से दुनिया की अर्थव्यवस्था हिचकौले खा रही है, देश में बढ़ी महंगाई के बीच रसोई गैस की कीमतों में वृद्धि कोढ़ में खाज जैसी ही है। निस्संदेह, सरकार का कोई भी फैसला देश के व्यापक व दूरगामी लक्ष्यों को लेकर होता है। वैसे भी पेट्रोलियम पदार्थों पर लगने वाले विभिन्न कर केंद्र व राज्य सरकारों की आर्थिकी के लिये प्राणवायु जैसे होते हैं। लेकिन सरकारों को राजस्व जुटाने के लिये वैकल्पिक रास्ते तलाशने चाहिए। उन मदों में समय-समय पर वृद्धि करना, जो पहले से ही लोगों पर भार डाल रहे हों, सुशासन की दृष्टि से तर्कसंगत नजर नहीं आता। निस्संदेह, बढ़ती महंगाई के बीच पेट्रोल-डीजल व रसोई गैस की कीमतें लोगों का बजट बिगाड़ रही हैं। सरकार के तमाम मौद्रिक उपाय महंगाई पर काबू पाने में सफल नहीं हो सके हैं। कोरोना संकट के बाद आम आदमी की आय में अपेक्षित वृद्धि भी नहीं हो पायी है। इससे जीवन-यापन कठिन होता जा रहा है। ये तथ्य किसी से छिपा नहीं है कि लोकसभा व विधानसभा चुनावों के दौरान तेल का खेल होता रहा है। पिछले लोकसभा चुनाव व उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव के दौरान केंद्र सरकार ने पेट्रोलियम पदार्थों पर उत्पाद शुल्क में कमी की थी। हाल में फिर उसमें वृद्धि कर दी गई है। वैसे तो सरकार को भी पता है कि पेट्रोलियम पदार्थों व रसोई गैस की कीमतों में वृद्धि से महंगाई की एक शृंखला पैदा होती है। लेकिन लगता है कि टैरिफ युद्ध से भारतीय अर्थव्यवस्था पर पड़ने वाले नुकसान की भरपाई सरकार पेट्रोलियम पदार्थों की कीमत बढ़ाकर करना चाहती है। यूं तो हम अपने प्रत्यक्ष लाभ-हानि को दृष्टिगत रखते हैं, जबकि सरकार को व्यापक दृष्टिकोण के साथ दूरगामी फैसले लेने होते हैं। वैसे नागरिकों के हित राष्ट्रहित से अलग नहीं हो सकते। लेकिन फिर भी ऐसे फैसले लेते वक्त संवेदनशील दृष्टि अपनाना जरूरी है। वहीं दूसरी ओर विपक्ष केंद्र सरकार के फैसले को एक अवसर के रूप में देखकर हमलावर हुआ है। उसकी दलील है कि केंद्र का पेट्रोलियम पदार्थों में मूल्यवृद्धि का फैसला तार्किक नहीं है। ऐसे वक्त में जब अंतर्राष्ट्रीय तेल बाजार में कच्चे तेल की कीमतें गिरी हैं, तो इस मूल्य वृद्धि का क्या औचित्य है। यह भी कि सरकार जब अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में वृद्धि का बोझ जनता के कंधे पर डाल देती है, तो कीमतें घटने का लाभ भी तो उसे मिले। सरकार की दलील है कि पेट्रोल व डीजल पर उत्पाद शुल्क बढ़ाया तो है लेकिन बोझ जनता पर नहीं पड़ेगा। सरकार के अनुसार पेट्रोल-डीजल की कीमतें नहीं बढ़ेंगी। मगर लोगों की चिंता है कि देर-सवेर सरकार पेट्रोल-डीजल के दामों में पिछले दरवाजे से वृद्धि कर सकती है। तेल कंपनियां भी कब तक बढ़े उत्पाद शुल्क वहन करेंगी। वैसे भी सरकारें अपने बजट को संतुलित करने के लिये गाहे-बगाहे पेट्रोलियम पदार्थों की कीमतों में बदलाव करती रही हैं। हालांकि, सरकार को पता है कि तेल की कीमतें बढ़ने से महंगाई की नई शृंखला पैदा हो जाती है। माल-भाड़े में वृद्धि से दैनिक उपभोग की वस्तुओं की कीमतों में वृद्धि हो जाती है। डीजल के दामों से वृद्धि से खेती की लागत बढ़ती है, जिससे अनाज की महंगाई बढ़ती है। साथ ही विनिर्माण क्षेत्र भी इस वृद्धि से प्रभावित होता है। लेकिन लगता है कि महंगाई की तुलना में टैरिफ प्रभावों को संतुलित करना सरकार की पहली प्राथमिकता है। लेकिन एक बात तो तय है कि सरकार को पेट्रोलियम पदार्थों व रसोई गैस की कीमतों में वृद्धि को लेकर कोई कारगर रणनीति बनानी ही होगी। देश का विपक्ष भी बार-बार पेट्रोलियम पदार्थों की मूल्य वृद्धि की तार्किकता को लेकर सवाल उठाता रहा है। कुछ लोग इन पदार्थों को जीएसटी के अधीन लाकर मूल्यों को तार्किक बनाने की बात करते हैं। लेकिन विपक्ष शासित राज्य इसे राज्यों के वित्तीय संसाधनों पर केंद्र की दखल के रूप में देखते हैं। लेकिन लगता है कि जब तक दुनिया में आर्थिक अनिश्चितता का वातावरण बना हुआ है केंद्र सरकार पेट्रोलियम पदार्थों को राजस्व जुटाने का जरिया बनाना जारी रखेगी।

## रामचरित मानस

**कल के अंक में आपने पढ़ा था कि राजा उत्तानपाद उनके पुत्र थे, जिनके पुत्र ( प्रसिद्ध ) हरिभक्त ध्रुवजी हुए। उन ( मनुजी ) के छोटे लड़के का नाम प्रियव्रत था, जिनकी प्रशंसा वेद और पुराण करते हैं॥ उससे आगे का वर्णन क्रमानुसार प्रस्तुत है।**

**देवहूति पुनि तासु कुमारी। जो मुनि कर्दम कै प्रिय नारी॥**
**आदि देव प्रभु दीनदयाला। जठर धरेउ जेहिं कपिल कृपाला॥**

पुनः देवहूति उनकी कन्या थी, जो कर्दम मुनि की प्यारी पत्नी हुई और जिन्होंने आदि देव, दीनों पर दया करने वाले समर्थ एवं कृपालु भगवान कपिल को गर्भ में धारण किया॥

**सांख्य सास्त्र जिन्ह प्रगट बखाना। तत्व बिचार निपुन भगवाना॥**
**तेहिं मनु राज कीन्ह बहु काला। प्रभु आयसु सब बिधि प्रतिपाला॥**

तत्वों का विचार करने में अत्यन्त निपुण जिन (कपिल) भगवान ने सांख्य शास्त्र का प्रकट रूप में वर्णन किया, उन (स्वायम्भुव) मनुजी ने बहुत समय तक राज्य किया और सब प्रकार से भगवान की आज्ञा (रूप शास्त्रों की मर्यादा) का पालन किया॥

**होइ न बिषय बिराग भवन बसत भा चौथपन॥**
**हृदयँ बहुत दुख लाग जनम गयउ हरिभगति बिनु॥**

घर में रहते बुढ़ापा आ गया, परन्तु विषयों से वैराग्य नहीं होता (इस बात को सोचकर) उनके मन में बड़ा दुःख हुआ कि श्री हरि की भक्ति बिना जन्म यों ही चला गया॥

(क्रमशः...)

# भौतिक चकाचौंध व सोशल मीडिया से बढ़ रहे रिश्तों के कत्ल

विश्व को वसुधैव कुटुम्बकम की सीख देने वाले भारत जैसे आध्यत्म और शांति की धरा वाले देश में बढ़ती भौतिक विलासिता की चकाचौंध और सोशल मीडिया का जिन्दगी में बढ़ता दखल, पारिवारिक-सामाजिक ताने-बाने को छिन्न-भिन्न कर रहा है। संबंधों में तकरार और फिर नृशंस तरीके से हत्या जैसे मामलों ने देश को झकझौर कर रख दिया है। मेरठ की मुस्कान ने अपने प्रेमी साहिल के साथ मिलकर अपने पति सौरभ राजपुत की हत्या कर दी। ऐसे ही मुजफ्फरनगर की पिंकी ने अपने आशिक के लिए अपने पति अनुज को जहर पिलाकर मार दिया। रिश्तों में हत्या का ऐसा ही प्रकरण बेंगलुरू में देखने को मिला, वहां के हुलीमावु क्षेत्र में एक व्यक्ति ने अपनी पत्नी की हत्या करके उसकी बॉडी को सूटकेस में भर दिया। देश के अलग-अलग शहरों में हो रही ऐसी हत्याओं ने देश की जनता को पूरी तरह से हिलाकर रख दिया। आखिर ये सिलसिला कहां जकर थमेगा? इन घटनाओं ने सोचने-समझने के लिए मजबूर कर दिया है कि आखिर यह देश किस दिशा में जा रहा है।

पिछले कुछ वक्त से देश के अलग-अलग हिस्सों से ऐसी खबरें आ रही हैं, जिनमें पति पत्नी का और पत्नी पति का कत्ल कर देती है। संयुक्त राष्ट्र मादक पदार्थ एवं अपराध कार्यालय की रिपोर्ट की एक रिपोर्ट के मुताबिक साल 2023 में दुनिया भर में कुल 51 हजार 100 महिलाओं और लड़कियों का कत्ल हुआ है। इनमें से 60 फीसदी के करीब कत्ल महिलाओं या लड़कियों के अपने पार्टनर, पति या फैमिली मेंबर ने किया। एक रिपोर्ट कहती है कि देश भर में हर साल औसतन 225 लोगों को उनकी पत्नियां कत्ल कर देती हैं और लगभग 275 पत्नियां अपने पति के हाथों मारी जाती हैं। संयुक्त राष्ट्र की एक रिपोर्ट के मुताबिक दुनिया भर में हर ग्यारवें मिनट में एक महिला या लड़की का कत्ल होता है। इनमें से औसतन हर रोज 140 महिलाओं या लड़कियों का कत्ल उनके घर के अंदर होता है।

वर्ल्ड हेल्थ ऑर्गेनाइजेशन और लंदन स्कूल ऑफ हाइजिन एंड ट्रॉपिकल मेडिसिन एंड साउथ एफ्रिकन मेडिकल रिसर्च काउंसिल की रिपोर्ट कहती है वर्ष 2022 में दुनिया भर में कुल 48 हजार 800 महिलाओं और लड़कियों के कत्ल हुए थे और इनमें से भी 60 फीसदी से ज्यादा कत्ल पार्टनर, पति या फैमिली मेंबर ने ही किए थे। वर्ष 2022 में ऐसे अपराधों के मामलों में अफ्रीका पहले नंबर पर था और एशिया दूसरे नंबर पर। ऐसे अपराधों में अब 2023 में एशिया पहले नंबर पर है और अफ्रीका दूसरे नंबर पर है। आंकड़ा कहता है कि पार्टनर पति या रिलेशनशिप में दुनिया भर में जितने कत्ल होते हैं, उसकी 58 फीसदी शिकार महिलाएं या लड़कियां होती हैं। लेकिन चौंकाने वाला आंकड़ा ये भी है कि इसी पार्टनर और रिलेशनशिप की वजह से 42 फीसदी पुरुषों का भी कत्ल होता है। अर्थात यह अंतर ज्यादा नहीं है। ब्रिटिश मेडिकल जनरल लेनसेट में छपी एक रिपोर्ट के मुताबिक भारत में 60



**आंकडों के मुताबिक पूरे देश में कुल 28 हजार 522 कत्ल के मामले सामने आए। ये तमाम कत्ल 19 अलग अलग वजहों से हुए। मसलन, निजी दुश्मनी, सांप्रदायिक और धार्मिक वजह, राजनीतिक वजह, डायन प्रथा, जातिवाद, विवाद, या लूट-डकैती।**

फीसदी महिलाओं के कत्ल मौजूदा या फिर पूर्व पार्टनर की वजह से होती है। इस रिपोर्ट में कहा गया है कि दुनिया भर में महिलाओं के कत्ल का सबसे ज्यादा खतरा उन्हीं के मौजूदा या पूर्व पार्टनर से ही होता है। जबकि पूर्व या मौजूदा महिला पार्टनर के हाथों पुरुषों के कत्ल का प्रतिशत सिर्फ साढ़े 6 फीसदी है। नेशनल क्राइम रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) के मुताबिक देश में हर साल कितने पति अपनी पत्नी का या पत्नी अपने पति का कत्ल करती हैं। एनसीआरबी के 2022 के आंकड़ों पर नजर डालें तो पता चलता है कि इश्क और रिश्तों में लोग अब जान नहीं देते बल्कि जान लेते हैं। भारत में जिन वजहों से सबसे ज्यादा कत्ल होते हैं। उनमें लव अफेयर और शादी के बाद संबंधों के मामलों में होने वाला कत्ल तीसरे और चौथे नंबर पर आता है। देश में होने वाले हर 10 में से औसतन एक कत्ल किसी ना किसी आशिक-माशूक या पति-पत्नी के हाथ से ही होता है।

आंकडों के मुताबिक पूरे देश में कुल 28 हजार 522 कत्ल के मामले सामने आए। ये तमाम कत्ल 19 अलग अलग वजहों से हुए। मसलन, निजी दुश्मनी, सांप्रदायिक और धार्मिक वजह, राजनीतिक वजह, डायन प्रथा, जातिवाद, विवाद, या लूट-डकैती। परेशान करने वाली बात यह है कि इन 19 वजहों में से तीसरी और चौथी नंबर पर कत्ल की जो वजह बनी वो इश्क, धोखा, फरेब और शादी के बाद के संबंध थे। 28 हजार 522 कत्ल के कुल मामलों में से कुल 2 हजार 821 कत्ल इसी वजह से हुए। ऐसा नहीं है कि इश्क में पहले कत्ल नहीं हुआ करते थे। पहले भी आशिकों ने हाथों में खंजर या तमंचे उठाए हैं। लेकिन 2010 के बाद से पति-पत्नी, इश्क, बेवफाई और अवैध संबंध की वजह से होने वाले कत्ल की तादाद तेजी से बढ़ी।

पिछले 15 सालों के आंकड़ों पर नजर दौड़ाएं तो साफ पता चलता है कि जैसे जैसे सोशल मीडिया का चलन बढ़ा पति पत्नी के रिश्ते, शादी के बाद के संबंध और इश्क और खूनी होता चला गया। आंकड़ों के हिसाब से 2010 से 2014 के दरम्यान लव अफेयर और संबंधों की वजह से होने वाले कत्ल का प्रतिशत 7 से 8 फीसदी था। लेकिन 2015 से 2022 के दरम्यान ये बढ़कर 10 से 11 फीसदी हो गया। ये गिनती लगातार बढ़ती जा रही है। एनसीआरबी के डेटा के मुताबिक 2022 में देशभर में खुदकुशी के कुल 17 हजार 924 केस दर्ज हुए थे। जिनमें से अकेले शादी से जुड़े मामलों में 8 हजार 204 पति या पत्नी ने खुदकुशी की। जबकि इश्क के चलते 7 हजार 692 प्रेमी जोड़ों में से किसी एक ने खुदकुशी कर ली। इसके अलावा अवैध संबंधों की वजह से भी 855 लोगों ने खुदकुशी की।

एनसीआरबी के अलावा नेशनल फैमिली हेल्थ सर्वे के एक आंकड़ें के मुताबिक 4 फीसदी शादीशुदा महिलाओं ने ये माना है कि वो अपने पति को शारिरिक तौर पर चोट पहुंचाती है। इसी तरह स्टडी ऑफ इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ पॉपुलेशन साइंस (आईआईपीएस) की एक रिपोर्ट के मुताबिक नौकरीपेशा महिलाएं जो पैसे कमाती हैं और मोबाइल का इस्तेमाल करती हैं, अपने पति से ज्यादा झगड़ती हैं। रिपोर्ट के मुताबिक महिलाओं की जैसे जैसे उम्र बढती जाती है वो अपने पति से ज्यादा झगडने लगती हैं। जबकि पति के मामले में ये उल्टा है। पति की उम्र जैसे जैस बढ़ती है वो बीवियों से झगड़ा कम करने लगते हैं। आईआईपीएस की ये रिपोर्ट ये भी कहती है कि एकल परिवार में पति पत्नी के बीच हिंसक लड़ाई ज्यादा होती है। इस रिपोर्ट के मुताबिक भारत में हर एक हजार पति में से 29 पति अपनी पत्नियों की हिंसा का शिकार होते हैं। जबकि एकल परिवार में यही आंकड़ा पत्नियों के लिए हर एक हजार में 32 है। वैसे पति पत्नी से जुड़े दर्ज कत्ल के मामलों के एक आंकड़े के मुताबिक 2022 में देशभर में पत्नी के हाथों पति के 220 कत्ल के मामले सामने आए थे। इसी दौरान पति के हाथों पत्नी के कत्ल के 270 से ज्यादा मामले सामने आए। फिलहाल 2025 की तो अभी शुरुआत है। वर्ष 2024 का आंकड़ा एनसीआरबी ने अभी जारी नहीं किया है। लेकिन रिपोर्ट होने वाले आंकड़े डरावने हैं और इन्हीं आंकड़ों को सच करके जब मुस्कान, साहिल, प्रगति, राकेश रौशन ना जाने ऐसे कितने ही नाम और ऐसी कितनी ही तस्वीरें सामने आती हैं तो अहसास करा जाती हैं कि अब मुहब्बत उस अहसास का नाम नहीं रहा जो कभी हर दिल में रहा करता था। सवाल यही है कि आखिर हमारा समाज किस दिशा में जा रहा है। क्या तरक्की और स्वतंत्रता का यही पैमाना है? सामाजिक और पारिवारिक मूल्यों का क्षरण का सिलसिला आखिर कहां जाकर थमेगा। इस बारे में गहन-चिंतन मनन की जरूरत है।

**- योगेन्द्र योगी**

## ट्रंप के टैरिफ बम का असर

अमेरिका के राष्टपति डोनाल्ड ट्रंप ने अनेक देशों पर टैरिफ का ऐलान किया है। डोनाल्ड ट्रंप ने जब से अमेरिका के राष्टपति पद का जिम्मा संभाला है, जनाब एक के बाद एक, बम बम फैसलों से खबरों में हैं। उन्होंने दुनिया के आर्थिक जगत को उलझा कर रखा हुआ है। ट्रंप ने तमाम देशों पर 10 प्रतिशत से लेकर 49 प्रतिशत तक का टैरिफ लगा दिया। भारत पर भी ट्रंप ने 26 प्रतिशत का रेसिप्रोकल टैरिफ लगाया है। सबसे पहले तो आसान तरीके से यह समझें कि टैरिफ होता क्या है। मान लीजिए दक्षिण कोरिया से भारत में मोबाइल का आयात होता है, अब अगर सरकार को दिखता है कि वहां से आने वाले सस्ते मोबाइल से भारत की कंपनियों को घाटा हो रहा है, वो उनका मुकाबला नहीं कर पा रही हैं, तो सरकार टैरिफ का उपयोग करती है। टैरिफ एक प्रकार का टैक्स है जो वह किसी देश से आ रहे सामानों पर लगाती है। सरकार उन वस्तुओं और सेवाओं पर टैरिफ लगाकर उनको महंगा कर देती है ताकि देश के लोग उनको न खरीदकर देश की कंपनियों के प्रोडक्ट को ही खरीदें। अब ट्रंप अमेरिका में यही कर रहे हैं। उन्होंने तमाम देशों पर कम से कम 10 प्रतिशत और अधिक से अधिक 49 प्रतिशत का टैरिफ लगाया है। अब ट्रंप का टैरिफ कैसे काम करेगा? इसको भारत के उदाहरण से ही समझिए। ट्रंप ने 2 अप्रैल को भारत पर जो 26 प्रतिशत का टैरिफ लगाया है, वो अतिरिक्त टैक्स होगा। यानी अगर किसी सेक्टर पर अमेरिका ने पहले 14 प्रतिशत का टैरिफ लगा रखा था तो अब उस पर 14 प्लस 26 यानी कुल 40 प्रतिशत का टैरिफ देना होगा।

ट्रंप ने जो टैरिफ लगाया है उसमें 10 प्रतिशत का टैरिफ 'बेसलाइन टैरिफ' है, यानी कम से कम इतना टैरिफ तो सब पर लगाया गया है। इसके बाद जो टैरिफ है, वह उन देशों की तरफ से अमेरिका पर लगाए जा रहे टैरिफ के अनुपात में लगाया गया है। फिर से भारत के उदाहरण से इसे समझते हैं। भारत पर जो 26 प्रतिशत का अतिरिक्त टैरिफ लगाया गया है, उसमें से 10 प्रतिशत बेसलाइन टैरिफ है और बाकी का 16 प्रतिशत भारत के टैरिफ के जवाब में लगाया गया है। ट्रंप ने ऐलान किया है कि 10 प्रतिशत का बेसलाइन टैरिफ 5 अप्रैल से लागू होगा जबकि 9 अप्रैल से पूरा टैरिफ (भारत के लिए 26 प्रतिशत अतिरिक्त या नया टैरिफ) वसूला जाएगा। ट्रंप के टैरिफ से भारत का कौनसा सेक्टर सबसे अधिक प्रभावित होगा, यह जानना जरूरी है। कृषि के इससे सबसे अधिक प्रभावित होने की संभावना है। इसके अंदर अगर डेयरी प्रोडक्ट की बात करें तो अभी इस पर 16.8 प्रतिशत का टैरिफ लगता है। 9 अप्रैल से इसमें 26 प्रतिशत और जुड़ जाएगा और कुल टैरिफ बढक़र 42.8 प्रतिशत हो जाएगा। इसी तरह फल और सब्जी पर अभी 5.3 प्रतिशत का टैरिफ लगता है जो बढक़र 31.3 प्रतिशत हो जाएगा। इलेक्ट्रॉनिक्स पर भारत में 1.2 प्रतिशत का काफी कम टैरिफ लगता है, लेकिन 9 अप्रैल से बढक़र यह 27.2 प्रतिशत हो जाएगा। यानी टैरिफ से भारतीय इलेक्ट्रॉनिक्स निर्यात में कुछ वक्त के लिए कमी आ सकती है। हमें स्मार्ट सप्लाई चेन पर ध्यान देना होगा। देश के फार्मा सेक्टर को बड़ी राहत मिली है। इसे ट्रंप ने टैरिफ के मार से दूर रखा है। भारत की कई बड़ी दवा कंपनियों की आधी कमाई अमेरिकी बाजार से होती है। रत्न और आभूषण सेक्टर को बड़ा झटका लगेगा। अभी इस पर अमेरिका में 5.5 से 13.5 प्रतिशत तक का टैरिफ लगता है। 9 अप्रैल से यह बढक़र 31.5 से 39.5 प्रतिशत तक हो जाएगा। इसकी वजह से अमेरिका से मिलने वाले ऑर्डर पर बड़ा असर दिख सकता है। अमेरिका भारत का सबसे बड़ा व्यापारिक सांझेदार रहा है। अमेरिका भारत के कुल वस्त्र निर्यात का लगभग 18 फीसदी, आयात का 6.22 फीसदी और द्विपक्षीय व्यापार का 10.73 फीसदी हिस्सा रखता है। अमेरिका के साथ, भारत का 2023-24 में वस्त्रों में व्यापार अधिशेष (आयात और निर्यात के बीच का अंतर) 35.32 अरब डॉलर था। यह 2022-23 में 27.7 अरब डॉलर, 2021-22 में 32.85 अब डॉलर, 2020-21 में 22.73 अरब डॉलर और 2019-20 में 17.26 अरब डॉलर था। साल 2024 में अमेरिका को भारत के मुख्य निर्यात में दवा निर्माण और जैविक उत्पाद (8.1 अरब डॉलर), दूरसंचार उपकरण (6.5 अरब डॉलर), कीमती और अर्ध-कीमती पत्थर (5.3 अरब डॉलर), पेट्रोलियम उत्पाद (4.1 अरब डॉलर), सोना और अन्य कीमती धातु आभूषण (3.2 अरब डॉलर), कपास के रेडीमेड वस्त्र, जिसमें सहायक उपकरण शामिल हैं (2.8 अरब डॉलर) और लोहे और स्टील के उत्पाद (2.7 अरब डॉलर) शामिल थे। इसी तरह, आयात में कच्चा तेल (4.5 अरब डॉलर), पेट्रोलियम उत्पाद (3.6 अरब डॉलर), कोयला, कोक (3.4 अरब डॉलर), कटे और पॉलिश किए गए हीरे (2.6 अरब डॉलर), विद्युत मशीनरी (1.4 अरब डॉलर), विमान, अंतरिक्ष यान और उनके हिस्से (1.3 अरब डॉलर) और सोना (1.3 अरब डॉलर) शामिल थे। ट्रंप के टैरिफ बम से भारत को कुछ नुकसान हो सकते हैं। लेकिन एक मीडिया रिपोर्ट के अनुसार भारत 4 सेक्टरों में चीन को पीछे छोडक़र नंबर एक बन सकता है। यानी अमेरिका के इस कदम से भारतीय उद्योगों को फायदा भी मिल सकता है।

ट्रंप के टैरिफ से चीन पर 54 फीसदी टैक्स लगेगा, जबकि भारत पर सिर्फ 27 फीसदी। मान लो, चीन से कोई सामान 100 रुपए का आता था, अब वह 154 रुपए का होगा। अगर भारत वही सामान 130-135 रुपए में बेचे, तो अमेरिका भारत से सामान खरीदेगा, क्योंकि यह सस्ता होगा जिससे भारतीय कंपनियों को ज्यादा ऑर्डर मिलेंगे, नए रोजगार पैदा होंगे। भारत का निर्यात बढ़ेगा, जिससे अर्थव्यवस्था को फायदा होगा। आसान भाषा में अगर कहें तो अमेरिका ने चीन का सामान महंगा कर दिया है, इसलिए भारत अब उसकी जगह ले सकता है और अपना व्यापार बढ़ा सकता है। तुलनात्मक तरीके से देखें तो भारत का कपड़ा उद्योग अब बढ़त में है, क्योंकि अमेरिका ने चीन और बांग्लादेश से आने वाले कपड़ों पर ज्यादा टैरिफ लगा दिए हैं। इससे भारतीय कपड़े सस्ते हो जाएंगे और अमेरिकी रिटेलर्स भारत से सामान खरीदने को मंजूरी देंगे। इसके अलावा कई बड़े अंतरराष्ट्रीय ब्रांड्स भी बांग्लादेश और चीन से अपना उत्पाद भारत में लाने की सोच रहे हैं, ताकि वे बढ़े हुए टैरिफ से बच सकें। इसी तरह, इलेक्ट्रॉनिक्स के क्षेत्र में भी भारत को फायदा हो सकता है। अमेरिका ने वियतनाम और थाईलैंड से आने वाले इलेक्ट्रॉनिक्स और टेलीकॉम सामानों पर ज्यादा टैरिफ लगा दिए हैं, जिससे भारत एक बेहतर विकल्प बन सकता है। इस तरह, भारत को अमेरिका के टैरिफों के कारण लाभ मिलने की उम्मीद है। हालांकि ट्रंप के कड़े रुख के कारण भारतीय निवेशकों में आक्रोश है।

**-डा. वरिंद्र भाटिया**
**कालेज प्रिंसीपल**

## राशिफल

चैत्र शुक्ल पक्ष त्रयोदशी | (विक्रम संवत् 2082)

**मेष- (चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ)**
महत्वपूर्ण निर्णय अभी रोक के रखें। स्वास्थ्य पर ध्यान दें। प्रेम, संतान में दूरी रहेगी। व्यापार लगभग ठीक रहेगा।

**वृष- (ई, उ, ए, ओ, वा, वी, वू, वे , वो)**
कलहकारी सृष्टि का सृजन हो रहा है। कलह से बचें। स्वास्थ्य मध्यम। प्रेम, संतान मध्यम। व्यापार अच्छा है।

**मिथुन- (का, की, कु, घ, ड , छ, के, हो, हा)**
व्यावसायिक सफलता मिलेगी। रोजी रोजगार में तरक्की करेंगे। एक व्यावसायिक ऊर्जा में आप में बनी रहेगी।

**कर्क- (ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डा)**
धन का आवक बढ़ेगा। कुटुंबों में वृद्धि होगी। स्वास्थ्य में सुधार। प्रेम, संतान का साथ और व्यापार भी अच्छा होगा।

**सिंह- (मा, मी, मु, मे, मो, टा, टी, टु, टे)**
सकारात्मक ऊर्जा का संचार होगा। समाज में सराहे जाएंगे। जरूरत के हिसाब से वस्तुएं जीवन में उपलब्ध होंगी।

**कन्या- (टो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो)**
कन्या राशि की स्थिति थोड़ी सी मानसिक रूप से बहुत अच्छी नहीं। अज्ञात भय सताएगा।

**तुला- (रा, री, रु, रे, रो, ता, ती, तू, त)**
आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। यात्रा का योग बनेगा। रुका हुआ धन वापस मिलेगा। आय के नवीन स्रोत बनेंगे।

**वृश्चिक- (तो, ना, नी, नु, ने, नो, या, यी, यू)**
कोर्ट कचहरी में विजय मिलेगा। व्यापारिक सफलता मिलेगी। पिता का साथ होगा। स्वास्थ्य, प्रेम, व्यापार अच्छा है।

**धनु- (ये, यो, भा, भी, भू, धा, फा, ठा, भे)**
परिस्थितियां प्रतिकूल हैं। चोट-चपेट लग सकती है। किसी परेशानी में पड़ सकते हैं। स्वास्थ्य मध्यम।

**मकर- (भो,जा,जी,जू,जे,जो,खा,खी,खू,खे,गा,गी)**
जीवनसाथी का सानिध्य मिलेगा। नौकरी चाकरी की स्थिति अच्छी रहेगी। स्वास्थ्य में सुधार। प्रेम संतान का साथ।

**कुम्भ- (गू, गे, गो, सा, सी, सु, से, षो, द)**
स्वास्थ्य प्रभावित दिख रहा है। प्रेम, संतान भी मध्यम है। व्यापार लगभग ठीक चल रहा है। सूर्य को जल देते रहें।

**मीन- (दी, दु, झ, ध, दे, दो, च, चा, चि)**
भाग्य साथ देगा। यात्रा का योग बनेगा। धर्म-कर्म में हिस्सा लेंगे। स्वास्थ्य प्रेम व्यापार अच्छा दिख रहा है।

# भाजपा का कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित

**नोएडा (चेतना मंच)।** जनपद गौतमबुद्धनगर भारतीय जनता पार्टी दादरी विधानसभा में भारतीय जनता पार्टी के सक्रिय सदस्य वरिष्ठ कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन मोहन कुंज आशीर्वाद भवन दादरी में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में वरिष्ठ कार्यकर्ताओं को फूल माला पार्टी पटका पहनाकर सम्मानित किया गया।



कार्यक्रम में मुख्यातिथि दादरी विधायक मास्टर तेजपाल नागर कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष अभिषेक शर्मा ने की कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री दीपक भारद्वाज ने किया। इस सम्मेलन में कार्यकर्ताओं का जोश, समर्पण और संगठन के प्रति निष्ठा स्पष्ट रूप से देखने को मिली।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक मास्टर तेजपाल नागर जी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ताओं की पार्टी है देवतुल्य कार्यकर्ताओं और देवतुल्य जनता के आशीर्वाद के बल पर डबल इंजन की सरकार चल रही है। सभी वर्गों के विकास कार्य हो रहे है मोदी जी। नेतृत्व में देश मज़बूत और खुशहाल हुआ है। योगी जी के नेतृत्व में क़ानून व्यवस्था सुदृढ़ होने से प्रदेश में औद्योगिक निवेश बढ़ा है जिलाध्यक्ष अभिषेक शर्मा ने कार्यक्रम में कहा पार्टी की रीति नीति, सिद्धांत और साथ ही, संगठन को बूथ स्तर तक और अधिक मजबूत करने हेतु सभी कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारियाँ 2027 चुनाव में और बड़ी जीत गौतमबुधनगर से हो उसके लिये हम मिलकर काम करेंगे

सक्रिय सदस्यों का यह संवाद हमारे संगठन की रीढ़ है।

आप सभी की ऊर्जा और प्रतिबद्धता ही हमें 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास, और सबका प्रयास' के मंत्र को साकार करने की प्रेरणा देती है। इस अवसर पर मुख्य रूप से दादरी नगरपालिका अध्यक्ष गीता पंडित पूर्व जिलाध्यक्ष विजय भाटी सुभाष भाटी जिला महामंत्री दीपक भारद्वाज मनोज गर्ग धर्मेन्द्र कोरी जिला उपाध्यक्ष देवा भाटी पवन रावल सेवानन्द शर्मा सतेन्द्र नागर पवन नागर सतेन्द्र अवाना कर्मवीर आर्य वीरेन्द्र भाटी वेदप्रकाश गुप्ता जगभूषण गर्ग जतन गर्ग राजीव सिंघल संजय भाटी राज नागर अरुण प्रधान जिला मंत्री सत्यपाल शर्मा गुरुदेव भाटी जितेंद्र भाटी रवि जिन्दल विमल पुंडीर मनोज भाटी अर्पित तिवारी मुकेश चौहान महेंद्र नागर राजेश गोयल कपिल गुर्जर अमन कौशिक संगीता तिवारी अनीता शिसोदिया इंदर नागर इंटरजीत टाइगर आदि लोग मौजूद रहे।

# गैस सिलेंडर की कीमत में वृद्धि की माकपा ने की कड़ी निन्दा

**नोएडा (चेतना मंच)।** भारत की कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) गौतमबुद्धनगर कमेटी ने गैस सिलेंडर की कीमत में भारी वृद्धि और पेट्रोल और डीजल पर विशेष उत्पाद शुल्क लगाए जाने की निंदा की है।



केंद्र सरकार ने सामान्य और सब्सिडी वाले दोनों श्रेणियों के गैस सिलेंडर की कीमत में 50 रुपये की बढ़ोतरी की घोषणा की, जिससे लोगों पर लगभग 7,000 करोड़ रुपये का बोझ बढ़ेगा। इसके अलावा, सरकार ने पेट्रोल और डीजल पर विशेष उत्पाद शुल्क में 32,000 करोड़ रुपये की वृद्धि की।

गैस की कीमतों में वृद्धि से महंगाई के कारण पहले से ही बोझिल लोगों के जीवन पर और भी बुरा असर पड़ने वाला है। तेल और गैस की गिरती अंतर्राष्ट्रीय कीमतों का लाभ लोगों तक पहुँचाने के बजाय, सरकार उन पर अतिरिक्त बोझ डाल रही है। विशेष उत्पाद शुल्क के नाम पर वह संघीय सिद्धांतों का उल्लंघन करते हुए सारा राजस्व अपने लिए अर्जित करना चाहती है।

सीपीआई(एम) सरकार से तत्काल कीमतें वापस लेने की मांग करती है। सीपीआई(एम) नेता रामसागर, गंगेश्वर दत्त शर्मा ने कहा कि यदि सरकार ने बढ़ाई गई मूल्य वृद्धि वापस नहीं ली तो हमारी पार्टी जनपद के सभी इलाकों में विरोध प्रदर्शन करेंगी।

# अंतोदय के पथ पर चलने का काम किया भाजपा ने : मिश्रा




**भदोही (ज्ञानपुर)।** जिला अध्यक्ष दीपक मिश्रा के नेतृत्व में तीनों विधानसभाओं के अंतर्गत सक्रिय सदस्यता अभियान सम्मेलन संपन्न हुआ जिसमें औराई विधानसभा में जिला अध्यक्ष दीपक मिश्रा ने कहा अंतोदय के पथ पर पार्टी चलने का काम किया है और जो अंतिम व्यक्ति है उसको भी सुविधा दे रही है। सक्रिय सदस्यता के लोगों के सभी कार्यकर्ताओं को सम्मानित किया गया उनका उत्साह वर्धन किया।

ज्ञानपुर ब्लॉक में गोपीगंज वैभव लान में जिला प्रभारी नागेंद्र रघुवंशी उपस्थित रहे उन्होंने भी कार्यकर्ताओं के सम्मान के लिए पार्टी की रणनीति को बताया और कार्यकर्ताओं का सम्मान करते हुए पार्टी के मजबूत दिशा में ले जाने का संकल्प लिया इसी क्रम में विधानसभा भदोही में नई बाजार नगर पंचायत में पूर्व विधायक रविंद्र नाथ त्रिपाठी उपस्थित रहे। उन्होंने भी कार्यकर्ताओं का सम्मान किया और पार्टी के पथ पर चलने वाले अंत्योदय के पथ पर पार्टी के नीति रीति को बताएं कार्यकर्ताओं का उत्साह वर्धन किया साथ में उपस्थित विकास मिश्रा संतोष पांडेय नागेंद्र सिंह हौसला प्रसाद पाठक विभिन्न लोग मुख्य अतिथि के तौर पर अलग-अलग विधानसभाओं में उपस्थित रहे और पार्टी के विचारधाराओं को बताने का काम किया पार्टी अंतोदय के पथ चलकर आज देश की सबसे बड़ी पार्टी बन चुकी है जो आने वाले समय में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता सिर्फ उनके सक्रियता के नाते पार्टी में आगे बढ़ रहे हैं।

इस अवसर पर राजेंद्र दुबे अखंड प्रताप सिंह गोवर्धन राय लालता प्रसाद सोनकर अखिलेंद्र सिंह बघेल चिंटू सत्य सीन गुप्ता मंडल अध्यक्ष संजय सरोज अश्वनी कुमार अग्रवाल राकेश सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

# दिल्ली की मुख्यमंत्री के खिलाफ समाजवादी महिला सभा का प्रदर्शन

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने एक राष्ट्रीय न्यूज़ चैनल पर दिए गये अपने इंटरव्यू में समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव पर की गई अशोभनीय टिप्पणी के खिलाफ डॉ. शशि यादव जिला अध्यक्ष समाजवादी महिला सभा के नेतृत्व में सूरजपुर स्थित जिला कलेक्ट्रेट पर जोरदार प्रदर्शन किया और जिलाधिकारी को महामहिम राष्ट्रपति के नाम एक ज्ञापन सौंप उन्हें बर्खास्त करने की मांग की।

इस मौके पर समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता राजकुमार भाटी ने कहा कि समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष, उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव पर दिल्ली की मुख्यमंत्री की अशोभनीय टिप्पणी उनकी ओछी मानसिकता का उदहारण है। उनकी इस टिप्पणी से करोडों समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं की भावना को ठेस पहुंची है।




इस मौके पर समाजवादी महिला सभा की जिलाध्यक्ष शशि यादव ने कहा कि इस तरह कि टिप्पणी कर दिल्ली की मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश कि जनता का अपमान कर रही है। भाजपा और आरएसएस मानसिकता हमेशा पीडए वर्ग का अपमान करने की रही है। इस तरह की मानसिकता वाले व्यक्ति का दिल्ली के मुख्यमंत्री पद पर रहने का कोई अधिकार नहीं है।

इस मौके पर पूर्व जिलाध्यक्ष वीरसिंह यादव, राजकुमार भाटी, गौरा जाटव, सुनीता यादव, अंजली श्रीवास्तव, रुखसार बेगम, संजीदा बेगम, सुषमा सिंह मीणा, अर्चना श्रीवास्तव, राहुल अवाना, श्याम सिंह भाटी, रोहित मत्ते गुर्जर, नवीन भाटी, कुलदीप भाटी, मोहित यादव, हुकुम सिंह भारती, पिंटू यादव, अनिल पाल, प्रदीप भाटी, महेश चेयरमैन, सुदेश भाटी, एडवोकेट दिनेश अवाना, भरत सिंह, हरीश अवाना, अभिषेक अवाना, हृदय अवाना, नितिन आदि लोग मौजूद रहे।

## पृष्ठ एक के शेष....

**ईडी का बड़ा एक्शन...**

ईडी की इस कार्रवाई पर कंपनी या उसके डायरेक्टर से संपर्क नहीं हो सका। ईडी के अधिकारी मनी लॉन्ड्रिंग रोकथाम अधिनियम (पीएमएलए) के तहत ग्रेटर नोएडा, जिसमें ग्रैंड वेनिस मॉल भी शामिल है। नोएडा, दिल्ली और गोवा में कुल 6 ठिकानों पर तलाशी ले रहे हैं। ईडी की जांच करीब 40 पुलिस एफआईआर पर आधारित है। ये एफआईआर कंपनी और उसके मालिकों के खिलाफ उन निवेशकों ने दर्ज कराई हैं। जिन्हें कथित तौर पर वादी के मुताबिक घर नहीं मिले।

**ससुर व जेठ ने...**

घुस गया और गाली गलौज करने लगा। कौशल शर्मा द्वारा जबरन घर में घुसने की पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे में रिकॉर्ड हो गई। पीड़िता के मुताबिक उसके जेठ व ससुर ने पहले भी उसके घर पर हमला कर उसे तथा बच्चों को जान से मारने का प्रयास किया था। इस मामले में उसने पूर्व में मुकदमा दर्ज कराया था। यह मामला न्यायालय में विचाराधीन है। बबीता के मुताबिक उसके द्वारा पूर्व में ससुर और जेठ के खिलाफ रबूपुरा थाने तथा दिल्ली में शिकायत दर्ज करा रखी है। पीड़िता ने आरोपियों से अपनी तथा बच्चों के जाल माल के खतरे की आशंका जताई है। पुलिस ने पीड़िता के जेठ, ससुर व अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

**डॉग के दूध में मिला...**

उसके पति साबू ने जब सोनू को ऐसा करने से रोका तो वह गाली गलौज करने लगा। इस दौरान सोनू का भाई चांद और उसके पिता निसार मौके पर आ गए और तीनों ने मिलकर साबू के साथ गाली गलौज और मारपीट शुरू कर दी। मारपीट के बाद सोनू ने उनके घर के बाहर वाले कमरे में आग लगा दी। आग लगने की वजह से कमरे में रखा हुआ सारा सामान जलकर राख हो गया। इसके बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर दिया है।

# पार्क से सट्टेबाज गिरफ्तार

**नोएडा (चेतना मंच)।** थाना सेक्टर-20 पुलिस ने सट्टे की खाईबाड़ी करने के आरोप में एक सट्टेबाज को गिरफ्तार किया है। इसके पास से सट्टा पर्ची व नगदी बरामद हुई है।

थाना प्रभारी ने बताया कि पुलिस टीम सेक्टर-26 स्थित जयपुरिया मार्केट के पास चैकिंग कर रही थी। इस दौरान मुखबिर ने सूचना दी कि पास के ही पार्क में पेड़ की आड़ में बेंच पर बैठा एक व्यक्ति सट्टे की खाईबाड़ी कर रहा है। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने पार्क में छापा मार कर उक्त व्यक्ति को दबोच लिया। तलाशी में उसके पास से सट्टा पर्ची, पेन व 6170 रुपए बरामद हुए। पूछताछ में पकड़े गए आरोपी ने अपना नाम तौसीफ पुत्र मोहम्मद यामीन निवासी ग्राम निवाड़ी जनपद गाजियाबाद बताया। पकड़ा गया आरोपी हाल में हल्द्वानी में किराए पर रह रहा है। तौसीफ ने बताया कि वह पार्क में बैठकर सट्टे की खाईबाड़ी करता है और इसी से अपना खर्चा चलाता है। आरोपी के खिलाफ जुआ अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर न्यायालय में पेश किया गया है।

# घर के सामने गाड़ी खड़ी करने को लेकर मारपीट

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** घर के बाहर गाड़ी खड़ी करने के विवाद में तीन युवकों ने पड़ोसी के घर में घुसकर उसकी पिटाई कर दी। मारपीट करने के बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। पीड़ित ने थाना दादरी में तीनों आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है।

मोहल्ला मेवतियान निवासी अलीमुद्दीन ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि 8 अप्रैल की रात्रि को वह अपने घर में सो रहा था। इस दौरान उसका भाई सिराजुद्दीन, संजय राजुद्दीन आदि जबरन उसके घर में घुस आए। इन लोगों ने आते ही उसके साथ गाली गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर तीनों आरोपियों ने उसे मारपीट कर घायल कर दिया। मारपीट की घटना को अंजाम देने के बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। पीड़ित अलीमुद्दीन ने पुलिस को बताया कि आरोपी घर के बाहर गाड़ी खड़ी होने को लेकर विवाद करते हैं। पूर्व में भी कई बार उसके साथ गाली गलौज की गई है। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।

## किशोर घर से लापता

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** थाना रबूपुरा क्षेत्र के फलेदा बांगर गांव से एक 15 वर्षीय किशोर लापता हो गया। किशोर घर से अपने मामा के घर जाने के लिए निकला था जिसके बाद उसका कोई पता नहीं चला।

ग्राम फलेंदा बांगर निवासी ओम प्रकाश ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि 8 अप्रैल की सुबह उसका 15 वर्षीय बेटा घर से मामा के गांव सुजानपुर थाना खैर अलीगढ़ जाने के लिए कहकर निकला था। शाम तक भी वह अपने मामा के घर नहीं पहुंचा। देर शाम तक मामा के यहां ना पहुंचने पर परिजनों ने उसकी तलाश की लेकिन कोई पता नहीं चला। पुलिस का कहना है कि पीड़ित की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और किशोर की तलाश की जा रही है।

# स्वर्गीय डॉ. कमल किशोर गोयनका को साहित्यकारों ने दी श्रद्धांजलि



**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** ग्रेटर नोएडा अखिल भारतीय साहित्य परिषद गौतम बुद्ध नगर ने सेक्टर बीटा एक में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया। ग्रेटर नोएडा कि इस सभा में कवि रमेश प्रसून ने बताया कि प्रेमचंद के लेखन का वैज्ञानिक अन्वेषण डॉक्टर गोयनका ने 40 पुस्तकों द्वारा किया। इस मौके पर अरविंद भाटी कुलदीप नागर विकास श्रीवास्तव वीरेंद्र खारी इत्यादि साहित्यकार उपस्थित रहे

सभा में साहित्यकारों ने डा. गोयनका के संबंध में कहा कि उनके कठिन परिश्रम की गाथा, साहित्य के प्रति उनकी अटूट निष्ठा, और जीवन भर अपने कार्य को निर्विकार भाव से करते रहने की अद्भुत प्रेरणा थी। उनका व्यक्तित्व केवल एक विद्वान का नहीं, अपितु एक साधक का था — जिन्होंने साहित्य को अपना तप बना लिया था। वे न कभी रुके, न थके, और न ही परिस्थितियों से विचलित हुए।

डॉ. गोयनका जी के जीवन की यही सबसे बड़ी सीख है — समर्पण, धैर्य और निरंतर कर्म। आज वे शारीरिक रूप से हमारे बीच नहीं हैं, पर उनकी प्रेरणा, उनका साहित्य और उनकी साधना हमारे मार्गदर्शक बने रहेंगे।

बता दें कि कल ही स्व.डॉ कमल किशोर गोयनका जी की श्रद्धांजलि सभा भारतीय साहित्य परिषद एवं केंद्रीय हिंदी संस्थान दिल्ली में भी हुई। जिसमें देश-विदेश से प्रमुख साहित्यकारों में पूर्व केंद्रीय मंत्री निशंक भारतीय भाषा परिषद के अध्यक्ष चम्मू कृष्ण शास्त्री शिक्षा संस्कृति न्यास के संगठक अतुल कोठारी विद्या भारती के वरिष्ठ पूर्णकालिक लक्ष्मी नारायण भाला दिल्ली पब्लिक लाइब्रेरी बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष डॉ राम शरण गौड़ साहित्य अकादमी हरियाणा के पूर्व निदेशक डॉ पूरनमल गौड़ प्रवासी भारत के संपादक राकेश पांडे कमल संदेश के संपादक शिव शक्ति अखिल भारतीय साहित्य परिषद राष्ट्रीय मंत्री प्रवीण आर्य संगठन मंत्री श्रीधर पराड़कर सह संगठन मंत्री मनोज कुमार उपस्थित रहे।

**पूर्वोत्तर रेलवे**

खुली ई-निविदा सूचना संख्या : SrDEE-TRD-BSB-2025-26-T01, Dt-08.04.2025

"खुली निविदा"

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर/टीआरडी, पूर्वोत्तर रेलवे, वाराणसी द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु "खुली" ई-निविदा आमंत्रित करते है। **क्रम सं 1:- कार्य का नामः** पूर्वोत्तर रेलवे के वाराणसी मंडल के बनारस यार्ड में लाइन संख्या - 18 और 19 में नई ओएचई वायरिंग के प्रावधान के संबंध में 25 केवी विद्युतीकरण कार्य। टेंडर रिफरेंश नं.: SrDEE-TRD-BSB-2025-26-T01, कार्य का अनुमानित लागत रुपया में: ₹ 14431503.42, धरोहर राशि रूपया में: ₹ 222200.00, निविदा प्रपत्र का मूल्य रुपया में: शून्य, निविदा बंद होने की तिथि एवं समय: 30.04.2025 up to 14:45 Hrs, कार्य पूरा करने की अवधि 06 माह।

खुली ई-निविदा दिनांक 30.04.2025 को 14:45 बजे तक जमा कर सकेंगे। पूर्ण विवरण जानने हेतु एवं निविदा की प्रस्तुति करने के लिए कृपया भारतीय रेलवे की वेबसाइट www.ireps.gov.in. पर देखें।

मंडल विद्युत इंजीनियर/टीआरडी
मुजाधि/विद्युत-04 वाराणसी

गाड़ियों की छतों व पावदान पर कदापि यात्रा न करें।







**दैनिक चेतना मंच**

भगवान हनुमान बजरंग बली के अवतार श्री बालाजी (मेंहदीपुर) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में समर्पित है।

डाक पंजी. सं. L-10/GBD-574/99

RNI No. 69950/98

स्वामी मुद्रक प्रकाशक रामपाल सिंह रघुवंशी ने M/s Sai Printing Press, डी-85 सेक्टर-6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर (यू पी.) से छपवाकर, ए-131 सेक्टर-83, नोएडा से प्रकाशित किया।

संपादक-रामपाल सिंह रघुवंशी

Contact:
0120-2518100, 4576372, 2518200
Mo.: 9811735566, 8750322340
E-mail:
chetnamanch.pr@gmail.com
raghuvanshirampal365@gmail.com
raghuvanshi_rampal@yahoo.co.in
www.chetnamanch.com

## खास खबर

### नाबालिग छात्रा के साथ यौन शोषण

**कन्नूर** । केरल से चौंकाने वाली खबर आई है। यहां एक मदरसा शिक्षक को एक नाबालिग छात्रा के साथ यौन शोषण के आरोप में 187 साल की जेल की सजा सुनाई गई है। यह सजा तालीपरम्बा फास्ट-ट्रैक स्पेशल कोर्ट ने सुनाई है। आरोपी शिक्षक का नाम मोहम्मद रफी है और उम्र 41 साल है। फास्ट-ट्रैक कोर्ट ने पाया कि रफी ने कोरोना महामारी के दौरान 16 साल की छात्रा का दो साल से अधिक समय तक यौन शोषण किया। फास्ट-ट्रैक कोर्ट ने माना कि इसतरह के अपराधी को समाज में रहने का कोई अधिकार नहीं है। जज आर राजेश ने रफी को पॉक्सो एक्ट और आईपीसी की धाराओं के तहत दोषी पाया। कोर्ट ने उस पर 9.10 लाख रुपये का जुमार्ना भी लगाया है। कोर्ट ने मौलाना रफी को अलग-अलग अपराधों के लिए अलग-अलग सजा सुनाई है। आईपीसी की धारा 376 (3) के तहत आरोपी रफी को 25 साल की सजा सुनाई गई है। यह धारा 16 साल से कम उम्र की बच्ची के साथ बलात्कार के लिए है। वहीं आईपीसी की धारा 506(2) के तहत आरोपी को 2 साल की सजा सुनाई गई है।

### पवन खेड़ा को नहीं मिली राहत

**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता और प्रवक्ता पवन खेड़ा की पीएम नरेंद्र मोदी और उनके पिता के बारे में कथित अपमानजनक टिप्पणियों से संबंधित आरोपों में दर्ज मुकदमे रद्द की मांग वाली याचिका पर अब अगले महीने सुनवाई होगी। इस मामले पर सुप्रीम कोर्ट में जस्टिस पीएस नरसिम्हा और जस्टिस जॉयमाल्य बागची की बेंच तीन हफ्ते बाद सुनवाई करेगी। पवन खेड़ा ने इलाहाबाद हाईकोर्ट के फैसले को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी है। 3 दिसंबर 2024 को इलाहाबाद हाईकोर्ट ने निचली अदालत के फैसले को बरकरार रखते हुए पवन खेड़ा की याचिका खारिज कर दी थी। निचली अदालत ने पवन खेड़ा के खिलाफ दर्ज मुकदमा रद्द करने से इनकार कर दिया था। बता दें पवन खेड़ा ने 17 फरवरी 2023 को पीएम मोदी पर टिप्पणी करते हुए उनका नाम उद्योगपति गौतम अदाणी से जोड़ा था।

### आजम खान के बेटे पर कोर्ट ने लगाया जुर्माना

**रामपुर।** समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता और राष्ट्रीय महासचिव आजम खान के बेटे और पूर्व विधायक अब्दुल्ला आजम खान की मुश्किलें थम नहीं रही हैं। स्टांप चोरी मामले में डीएम कोर्ट ने अब्दुल्ला पर 3 करोड़ 71 लाख 878 रुपए का जुमार्ना लगाया है। जानकारी के मुताबिक अब्दुल्ला आजम ने 2022 में सदर तहसील क्षेत्र के घाटमपुर और मड़ैया नादर बाग में जमीन खरीदी थी। इस दौरान उन्होंने अलग-अलग तारीखों पर बैनामा कराया था। आरोप है कि बैनामा कराते समय अब्दुल्ला ने आवासीय जमीन को कृषि भूमि के रूप में दिखाकर 1 करोड़ 78 लाख रुपए से अधिक की स्टांप ड्यूटी की चोरी की थी।मामला उजागर होने के बाद एसडीएम सदर को इसकी जांच सौंपी।

# दिल्ली समेत देश के कई राज्य हीटवेव की चपेट में, बाड़मेर में पारा 47 के पार

- 15 साल बाद दिल्ली में अप्रैल में तापमान 40 डिग्री के पार
- उत्तरी-पश्चिमी राज्यों में अप्रैल के पहले हफ्ते से ही चलने लगी लू



एजेंसी

**नई दिल्ली।** इस साल देश में मानसून सामान्य रहने का अनुमान लगाया जा रहा है। मीडिया रिपोर्ट में एक अनुमान के मुताबिक, 80 फीसदी से ज्यादा संभावना है कि मानसून सामान्य या उससे ज्यादा रहेगा। देश के उत्तरी-पश्चिमी राज्यों में अप्रैल के पहले हफ्ते से ही लू चलने लगी है। दिल्ली, राजस्थान, गुजरात, हरियाणा, मध्य प्रदेश, और पंजाब के कई हिस्से हीटवेव की चपेट में हैं। मध्य प्रदेश के 30 जिलों में आज यानी बुधवार को हीटवेव का अलर्ट जारी किया गया है। 15 साल बाद दिल्ली में अप्रैल में तापमान 40 डिग्री के पार चला गया है। कई इलाकों में हीटवेव के हालात बने हैं। इससे पहले 2011 में यह स्थितियां बनी थीं। राजस्थान के बाड़मेर में मंगलवार को टेम्परेचर 47 डिग्री रहा। 10 साल बाद अप्रैल में बाड़मेर का पारा 47 डिग्री पहुंच गया। जैसलमेर, भीलवाड़ा, चित्तौड़गढ़ समेत कई जिलों में तेज गर्मी पड़ रही है। आईएमडी के मुताबिक देश के कुछ हिस्सों में बारिश और ओलावृष्टि से थोड़ी राहत मिली है, लेकिन ये प्रभाव केवल पूर्वी राज्य और दक्षिण भारत तक ही सीमित रहा।

त्रिपुरा, असम और मेघालय में 8 से10 अप्रैल के बीच भारी बारिश का अलर्ट है। केरल, तमिलनाडु, तेलंगाना, आंध्र प्रदेश और कर्नाटक में अगले 3 दिन तक गरज-चमक के साथ हल्की बारिश हो सकती है। जम्मू-कश्मीर, हिमाचल और उत्तराखंड में भी 9 से 11 अप्रैल तक बारिश और ओले गिरे की संभावना है। अगले 2 दिन तक राजस्थान, दिल्ली, हरियाणा, पंजाब, मध्य प्रदेश और गुजरात में 2 से 4 डिग्री का तापमान बढ़ सकता है। वेस्टर्न डिस्टरबेंस के चलते बिहार, जम्मू-कश्मीर, उत्तराखंड, पूर्वोत्तर और दक्षिण भारत में बारिश के साथ ओले भी गिर सकते हैं। केरल, महाराष्ट्र, गोवा और तटीय तमिलनाडु में उमस परेशान करेगी। बंगाल की खाड़ी में बनते लो प्रेशर से 11 अप्रैल के बाद पूर्वोत्तर राज्यों में भी बारिश की संभावना जताई गई है।

# उधमपुर में मुठभेड़, आतंकियों के छिपे होने की आशंका


एजेंसी

**उधमपुर।** जम्मू-कश्मीर के उधमपुर जिले में सुरक्षा बलों और आतंकियों के बीच मुठभेड़ जारी है। रामनगर पुलिस स्टेशन के अंतर्गत आने वाले जोफर गांव में दो से ज्यादा आतंकियों के छिपे होने की सूचना है। पुलिस अधिकारियों के मुताबिक जम्मू-कश्मीर पुलिस और अन्य सुरक्षा बलों की संयुक्त टीम तलाशी अभियान चला रही थी, इसी दौरान टीम पर फायरिंग हो गई और मुठभेड़ शुरू हो गई। जानकारी अनुसार उधमपुर जिले के रामनगर क्षेत्र के अंतर्गत जोफर गांव में सुरक्षा बलों और आतंकियों के बीच मुठभेड़ जारी है। प्रारंभिक तौर पर बताया जा रहा है कि इलाके में दो से अधिक आतंकियों के छिपे होने की आशंका है। जम्मू-कश्मीर पुलिस और अन्य सुरक्षा बलों की संयुक्त टीम द्वारा चलाए जा रहे तलाशी अभियान के दौरान यह मुठभेड़ शुरू हुई। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि उन्हें इनपुट मिला था कि कुछ संदिग्ध आतंकवादी गतिविधि जोफर गांव के आसपास देखी गई है। इसी सूचना के आधार पर इलाके में सर्च ऑपरेशन शुरू किया गया। तलाशी के दौरान जैसे ही सुरक्षा बल गांव के एक विशेष हिस्से में पहुंचे, छिपे हुए आतंकियों ने उन पर फायरिंग शुरू कर दी, जिसके जवाब में सुरक्षाबलों ने मोर्चा संभाल लिया।

इलाके में घेरा सख्त, अतिरिक्त बल तैनात घटना के बाद इलाके की घेराबंदी कर दी गई है और किसी भी तरह के खतरे से निपटने के लिए अतिरिक्त सुरक्षा बलों को तैनात किया गया है। आसपास के गांवों में भी सतर्कता बढ़ा दी गई है।

# नाइटक्लब की गिरी छत, 66 लोगों की मौत

- 160 लोग हुए घायल
- हादसे के 12 घंटे बाद भी स्थिति काफी गंभीर बनी रही



एजेंसी

**सैंटो डोमिंगो।** राजधानी सैंटो डोमिंगो के प्रसिद्ध नाइटक्लब जेट सेट में बड़ा हादसा हो गया है। इस नाइटक्लब में लाइव कॉन्सर्ट चल रहा था। इसी दौरान अचानक छत के गिरने से 66 लोगों की मौत हो गई। इस घटना में कम से कम 160 लोग घायल हुए हैं। बता दें किजेट सेट नाइटक्लब को सैंट डोमिंगो का का एक प्रमुख सांस्कृतिक स्थल माना जाता है। इस दौरान कई हाई-प्रोफाइल गेस्ट्स भी मौजूद थे। उनमें राजनेता, खिलाड़ी और संगीत प्रेमी शामिल थे। नाइटक्लब की छत गिरने से कई लोग मलबे के नीचे दब गए। हादसे में मारे गए लोगों में मोंटेक्रिस्टि प्रांत की गवर्नर नेल्सी क्रूज भी शामिल थीं, जो पूर्व मेजर लीग बेसबॉल ऑल-स्टार नेल्सन क्रूज की बहन थीं। फर्स्ट लेडी राक्वेल अबार्जे के अनुसार, नेल्सी क्रूज ने राष्ट्रपति लुइस अबिनाडेर को रात 12:49 बजे एक इमरजेंसी कॉल की थी, जिसमें उन्होंने कहा था कि वह मलबे के नीचे फंसी हुई हैं। बाद में अस्पताल में इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। अबार्जे ने कहा, यह एक बहुत बड़ी त्रासदी है। उनकी आवाज में सिहरन थी। राहत और बचाव कार्य तुरंत शुरू हो गए। मलबे में फंसे लोगों को निकाला गया। आपातकालीन संचालन केंद्र के निदेशक जुआन मैनुएल मेंडेज ने कहा, हम मानते हैं कि उनमें से कई लोग अब भी जीवित हैं और यही वजह है कि यहां की स्थानीय सरकार तब तक हार नहीं मानेगी जब तक कि एक भी व्यक्ति मलबे के नीचे न रह जाए। हादसे के 12 घंटे बाद भी स्थिति काफी गंभीर बनी रही क्योंकि दमकलकर्मी मलबे से लोगों को बाहर निकालने के लिए लकड़ी की पट्टियों और ड्रिल का उपयोग कर रहे थे।

### 3 जून को चुना जाएगा दक्षिण कोरिया का राष्ट्रपति

**सोल।** दक्षिण कोरियाई सरकार ने औपचारिक रूप से ऐलान किया कि राष्ट्रपति चुनाव 3 जून को होगा। संवैधानिक न्यायालय के फैसले के तुरंत बाद राष्ट्रीय चुनाव आयोग ने उम्मीदवारों का पंजीकरण शुरू कर दिया था। चुनाव के तुरंत बाद नए राष्ट्रपति बिना किसी ट्रांजिशन टीम के पदभार ग्रहण करेंगे। पूर्व राष्ट्रपति यून सुक योल को पद से हटाए जाने के बाद यह निर्णय लिया गया है। यह घोषणा कैबिनेट बैठक में की गई जो कि यून महाभियोग केस में संवैधानिक न्यायालय के फैसले के चार दिन बाद हुई। न्यायालय ने यून के खिलाफ महाभियोग प्रस्ताव जारी रखा जिसका मतलब था कि उन्हें अपना पद छोड़ना होगा और नए राष्ट्रपति चुनाव कराए जाएंगे। संविधान के अनुसार, देश में राष्ट्रपति पद रिक्त होने के 60 दिनों के भीतर नए चुनाव कराना अनिवार्य है।

# इजराइली सेना ने पत्रकारों के टेंट को बनाया निशाना, दो पत्रकारों की मौत

- ह्यूमन राइट्स ग्रुप्स ने की हमले की निंदा, कानून की अनदेखी का लगाया आरोप



एजेंसी

**गाजा।** दक्षिणी गाजा के खान यूनिस में इजराइल के हवाई हमले में एक फिलिस्तीनी पत्रकार की मौत हो गई। इस हमले में कुल दो पत्रकार मारे गए, जबकि 8 घायल हुए हैं। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में मीडिया रिपोर्टर में हमले के बाद पत्रकार मंसूर आग की लपटों के बीच छटपटाते नजर आए। लोगों ने उन्हें बचाने की कोशिश की, लेकिन वह नाकाम रहे और उनकी मौत हो गई। इजराइली सेना ने दावा किया कि उसने पत्रकार हसन एल्स्लेयेह को निशाना बनाया था। हसन एल्स्लेयेह पर आरोप है कि वह 7 अक्टूबर 2023 को इजराइल पर हुए हमलों में शामिल था। हमले में एल्स्लेयेह घायल हो गया था। इजराइल का सपोर्ट करने वाली एक संस्था ने 2023 में हमास नेता याह्या सिनवार के साथ एल्स्लेयेह की एक तस्वीर छापी थी। इसके बाद उससे सभी कॉन्ट्रैक्ट खत्म कर लिए थे। 2023 में इजराइल हमला जंग शुरू होने के बाद से अब तक 170 से ज्यादा मीडिया कर्मियों की मौत हो चुकी है। वहीं, गाजा के लोकल अधिकारियों के मुताबिक अब तक कम से कम 211 फिलिस्तीनी पत्रकार मारे गए हैं। ह्यूमन राइट्स ग्रुप्स ने इस हमले की निंदा की है। पत्रकारों की सुरक्षा समिति ने इजराइल पर मीडियाकर्मियों को निशाना बनाने और अंतरराष्ट्रीय कानून की अनदेखी करने का आरोप लगाया है। इजराइल से गाजा में प्रेस सेंटर्स पर हमला रोकने की मांग मिडिल ईस्ट और उत्तरी अफ्रीका में पत्रकारों की सुरक्षा समिति की डायरेक्टर सारा कुदाह ने कहा कि यह पहली बार नहीं है जब इजराइल ने गाजा में पत्रकारों के टेंट को निशाना बनाया है।

# भूकंप से डरे लोग तलाश रहे सुरक्षित घर

एजेंसी

**बैंकॉक** । म्यांमार और थाईलैंड में आए 28 मार्च को एक शक्तिशाली भूकंप से जमीन थर्रा गई थी। 7.7 तीव्रता के भूकंप से इमारतें हिलने लगीं। हालांकि इसका केंद्र म्यांमार में था, लेकिन तबाही के निशान बैंकाक में ज्यादा देखने को मिले। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक पेशे से सेल्स कोऑर्डिनेटर फात्सकोन अब बैंकॉक के उन अनेक निवासियों में से एक हैं जो इस बात पर विचार कर रहे हैं कि क्या उन्हें शहर में सुरक्षित घर की तलाश करनी चाहिए। क्योंकि 28 मार्च को पड़ोसी म्यांमार में आए 7.7 तीव्रता के भूकंप में सैकड़ों आवासीय इमारतें क्षतिग्रस्त हो गई थीं। फात्सकोन जिस बहुमंजिला इमारत में रहते हैं उसके मालिकों ने उन्हें आश्वासन दिया कि इंजीनियरों ने इमारत के हर हिस्से की जांच कर ली है और निष्कर्ष निकाला है कि यह रहने योग्य है।

### अवैध निर्माण के खिलाफ हो रही कार्रवाई

**जयपुर** । जयपुर में अवैध निर्माण के खिलाफ हो रही कार्रवाई में जयपुर विकास प्राधिकरण (जेडीए) की टीम को विरोध का सामना करना पड़ रहा है। सिरसी रोड पर ढाई किलोमीटर के क्षेत्र में चल रही कार्रवाई के दौरान रिटायर्ड डीजी नवदीप सिंह के मकान का अवैध हिस्सा तोड़ने पर उन्होंने विरोध किया। इस पर पुलिस ने रिटायर्ड डीजी को हिरासत में ले लिया।

# सार्वजनिक कुआं एवं मंदिर पर अवैध अतिक्रमण को हटाने की मांग को लेकर जिलाधिकारी से मिले आम आदमी पार्टी के प्रदेश सचिव

एजेंसी



**मिजार्पुर।** आज नगर पालिका परिषद मिजार्पुर अभिलेखों में क्रम संख्या 170 पर दर्ज लालडिग्गी रोड राजू केमिस्ट के सामने जायसवाल के मकान के पास (दंतु किशन की गली में) स्थित अति प्राचीन कुआं एवं मंदिर पर अतिक्रमण करके कुआं और मंदिर को पाट कर पक्का निर्माण करने पर शिकायतकर्ता श्रीमती प्रीति जायसवाल पत्नी श्री तारकेश्वर नाथ जायसवाल उर्फ राजन जायसवाल के साथ आम आदमी पार्टी के प्रदेश सचिव सुनील कुमार पांडे एडवोकेट जिला मुख्यालय पहुंचे और जिलाधिकारी से मुलाकात करके कुआं और मंदिर को कब्जा करने वाले अवैध अतिक्रमणकारियों मनोज जायसवाल, राजकुमार जायसवाल, कृष्णा जायसवाल,के पक्का निर्माण को ध्वस्त करने तथा नगर पालिका परिषद के अभिलेखों में दर्ज कुआं से अतिक्रमण हटा के उसके सुंदरीकरण कराए जाने और अतिक्रमण कारियो के विरुद्ध एफआईआर दर्ज करने की मांग किया गया इस संदर्भ में माननीय जिलाधिकारी को तथ्यों एवं सबूत के साथ मामले से अवगत कराते हुए आम आदमी पार्टी के प्रदेश सचिव सुनील कुमार पांडे एडवोकेट ने कहा कि नगर पालिका परिषद मिजार्पुर में कुल 341 कुआं दर्ज है लेकिन नगर पालिका परिषद के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के मिली भगत से सार्वजनिक कुएं पर कब्जा करके पक्का निर्माण कराया जा रहा है जिसे तत्काल रोका जाना अत्यंत आवश्यक है उन्होंने माननीय जिलाधिकारी से मांग किया कि नगर पालिका परिषद मिजार्पुर अभिलेखों में दर्ज क्रम संख्या 170 पर दर्ज लालडिग्गी रोड राजू केमिस्ट के सामने जायसवाल के मकान के पास (दंतु किशन की गली में) स्थित अति प्राचीन कुआं एवं मंदिर पर अतिक्रमण करके कुआं और मंदिर को पाट कर पक्का निर्माण करने एवं कुआं और मंदिर पर कब्जा करने वाले अवैध अतिक्रमणकारियों मनोज जायसवाल, राजकुमार जायसवाल, कृष्णा जायसवाल,के पक्का निर्माण को तत्काल ध्वस्त करके सार्वजनिक कुआं को संरक्षित किया जाए और मंदिर को मुक्त करने और उसके सौंदर्य करण की मांग किया गया इस अवसर पर शिकायतकर्ता श्रीमती प्रीति जायसवाल ने कहा कि जब से सार्वजनिक कुआं और मंदिर पर विपक्षी कि अतिक्रमण की शिकायत मेरे द्वारा की गई है तभी से विपक्षी शासन सत्ता और पैसे के बल पर हम प्रार्थिनी को परेशान करने का कार्य कर रहा है नगर पालिका परिषद एवं पुलिस भी विपक्षी से मिले हुए हैं उन्होंने जिलाधिकारी से मांग किया कि तत्काल सार्वजनिक कुएं से अतिक्रमण हटाकर उसे संरक्षित करने का निर्देश देने की अपील किया ज्ञापन सौंपने वालों में प्रमुख रूप से राजबहादुर मौर्य तारकेश्वर प्रसाद जायसवाल दीपक जायसवाल सिकंदर अली सानू अली प्रिंस कुमार सिंह आनंद कुमार सिंह इत्यादि कार्यकर्ता उपस्थित रहें।

# अब दवा उद्योग पर टैरिफ लगाएंगे ट्रंप



एजेंसी

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ऐलान किया है कि वे जल्द ही दवा उद्योगों पर टैरिफ लगाने जा रहे हैं। इससे चीन को भारी भरकम नुकसान होने की संभावना बढ़ गई है। वाशिंगटन डीसी में नेशनल रिपब्लिकन कांग्रेसनल कमेटी (एनआरसीसी) द्वारा आयोजित डिनर के दौरान ट्रंप ने कहा कि इस कदम का उद्देश्य दवा कंपनियों पर दबाव डालना है ताकि वे चीन जैसे देशों से अपनी विनिर्माण इकाइयां हटाकर अमेरिका में स्थापित करें और घरेलू बाजार की जरूरतों को पूरा करें। ट्रंप अगर दवाओं पर भी टैरिफ की घोषणा करते हैं तो इससे भारत सहित दुनियाभर के दवा उद्योग पर गंभीर आसर हो सकता है। इससे पहले, ट्रंप प्रशासन ने फार्मास्यूटिकल्स और सेमीकंडक्टर को अपनी जवाबी टैरिफ नीति के दायरे से बाहर रखा था। लेकिन अब वे इससे मुकरते नजर आ रहे हैं। ट्रंप ने कहा कि वह आने वाले महीनों में इस्पात, एल्युमीनियम, तेल और गैस, फार्मास्यूटिकल्स, तथा सेमीकंडक्टर सहित अनेक प्रकार के आयातों पर शुल्क लगाएंगे। ट्रंप ने अपने भाषण में कहा, हमारे पास हर किसी के ऊपर एक बड़ा एडवांटेज है, क्योंकि हम सबसे बड़ा बाजार हैं।

## मण्डलायुक्त ने जल जीवन मिशन से सम्बन्धित कार्यो की मण्डलीय समीक्षा बैठक कर प्रगति के बारे में ली जानकारी

# पानी है अनमोल, न करे पानी की बर्बादी : बालकृष्ण त्रिपाठी

- पानी के महत्व के बारे में लोगो को किया जाए जागरूक



एजेंसी

**मीरजापुर।** मण्डलायुक्त विन्ध्याचल मण्डल बालकृष्ण त्रिपाठी की अध्यक्षता में आयुक्त कार्यालय सभागार में जल जीवन मिशन से सम्बन्धित कार्यो की मण्डलीय समीक्षा बैठक आहूत की गई। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी मीरजापुर विशाल कुमार, सोनभद्र जागृति अवस्थी, भदोही शिवाकान्त द्विवेदी, अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे मीरजापुर देवेन्द्र प्रताप सिंह, संयुक्त विकास आयुक्त रमेश चन्द्र सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी व कार्यदायी संस्था के पदाधिकारी उपस्थित रहें। मण्डलायुक्त ने सभी कार्यदायी संस्थाओ को निर्देशित करते हए कहा कि हर घर जल योजना के तहत कराए जा रहे कार्यो में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखे यदि निरीक्षण के दौरान गुणवत्ता संतोषजनक खराब मिली तो सम्बन्धित के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने कहा कि कार्यदायी इस योजनान्तर्गत पाइप लाइन बिछा रही है अथवा बिछा चुकी है खोदी गई सड़को का शत प्रतिशत मरम्मत कराना सुनिश्चित करें, जिस मुख्य विकास अधिकारी मीरजापुर द्वारा मण्डलायुक्त को अवगत कराया गया कि कहीं-कही सड़को मरम्मत सही तरीके से नही कराया गया है जिस पर मण्डलायुक्त ने तीनो जनपदो के मुख्य विकास अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि निरीक्षण कर जिन सड़को का मरम्मत नही कराया गया है अपने स्तर से कार्यदायी संस्था निर्देशित करते हुए कार्य कराना सुनिश्चित करें। कार्यदायी संस्था मेघा द्वारा मीरजापुर में कराए गए कार्यो में बताया गया कि कही सड़को की मरम्मत नही कराई गई हैं, जिस पर मण्डलायुक्त ने निर्देशित करते हुए कहा कि जिस जगह स्थल कार्य कराया गया है तत्काल दुरूस्त कराया जाए। उन्होंने मुख्य विकास अधिकारी भदोही को निर्देशित करते हुए कहा कि हर घर जल योजनान्तर्गत जिन जगहो पर कार्य कराए गए है उन सभी कार्यो का निरीक्षण कर कार्यो शीघ्र अतिशीघ्र पूर्ण कराना सुनिश्चित करें। सोनभद्र में कार्यदायी संस्था जी0वी0पी0आर0 के द्वारा हर घर जल योजना के तहत खोदी गई सड़को मरम्मत के कार्य में 95 प्रतिशत कार्य कराया गया है एवं एन0सी0सी0 के द्वारा 98 प्रतिशत कार्य पूर्ण करा लिया गया है जिस पर मण्डलायुक्त ने निर्देशित करते हुए कहा कि जिन सड़को का मरम्मत होना शेष उन सभी सड़को जल्द से जल्द पूर्ण कराना सुनिश्चित करें। मीरजापुर में कार्यदायी संस्था जी0वी0पी0आर0 के द्वारा प्रगति धीमी होने पर मण्डलायुक्त ने कार्यदायी संस्था को निर्देशित करते हुए कहा कि लेबरो की संख्या बढ़ाते हुए कार्य को एक महीने में पूर्ण कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने सभी कार्यदायी संस्थाओ को निर्देशित करते हुए कहा कि यदि मण्डल में आंगनबाड़ी व स्कूलो में हर जल योजनान्तर्गत कनेक्शन नही किया गया है तो तत्काल करवाना सुनिश्चित करें। उन्होंने अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे मीरजापुर को निर्देशित करते हुए कहा कि खोदी गई सड़को व लीकेज पाइपलाइन का निरीक्षण कर ठीक कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि जिन-जिन स्थानो पर पानी की टंकी लगाई गई उन सभी स्थानो पर पानी के आने व जाने का समय व सम्बन्धित आपरेटर नम्बर लिखवाना सुनिश्चित करें। उन्होंने यह भी स्लोगन के माध्यम से जगह-जगह पानी की उपयोगिता के बारे में लोगो को बताए कि यह पानी पीने आ रहा है व अन्य किसी उपयोग में न लें। उन्होंने कहा कि सम्बन्धित विभाग के अधिकारी समय-समय पर पानी की टेस्टिंग भी कराएं कि पानी पीने योग्य है अथवा नही। उन्होंने कहा कि किसी भी कार्यदायी संस्था को कार्य करने में किसी प्रकार की कठिनाई आ रही हो तो सम्बन्धित मुख्य विकास अधिकारी को अवगत कराए ताकि समस्या का समाधान कराया जा सके। उन्होंने कहा कि जहां पर बूस्थर पम्प लगाने की आवश्यकता है तत्काल लगवाना सुनिश्चित करें ताकि जिन लोगो को पानी नही मिल रहा है उन्हे भी उपलब्ध कराया जा सकें।

# अमेरिकी संसद में ओपीटी खत्म करने बिल पेश, लाखों भारतीय छात्र चिंतित

एजेंसी

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने ऑप्शनल प्रैक्टिकल ट्रेनिंग (ओपीटी) को खत्म करने के लिए अमेरिकी संसद में नया बिल पेश किया है। इससे अमेरिका में पढ़ने वाले तीन लाख भारतीय छात्रों समेत दुनियाभर के छात्रों की चिंता बढ़ गई है। ओपीटी एक ऐसा कार्यक्रम है जो एफ-1 वीजा पर अध्ययन करने वाले छात्रों को अपनी पढ़ाई के क्षेत्र से संबंधित अस्थायी रूप से काम करने की इजाजत देता है। इससे विज्ञान, टेक्नोलॉजी, इंजीनियरिंग और गणित के छात्रों को ग्रेजुएट होने के बाद अमेरिका में तीन साल तक रहने और नौकरी खोजने की अनुमति मिलती है। अगर यह बिल पास हो जाता है तो छात्रों को एफ-1 वीजा पर काम करने की अनुमति नहीं होगी। इसके अलावा वे एफ-1 वीजा को वर्क वीजा में परिवर्तन नहीं करा सकेंगे। ऐसे छात्रों को अमेरिका में काम करने के लिए एच-1बी वर्क वीजा लेना जरुरी हो जाएगा। यह स्थिति उन छात्रों के लिए चिंताजनक है, जो एच-1बी वर्क वीजा के लिए आवेदन दे रहे हैं। एक रिपोर्ट के मुताबिक 2023-24 शैक्षणिक वर्ष में अमेरिका में तीन लाख से ज्यादा भारतीय छात्र पढ़ाई कर रहे थे, जिनमें से करीब 33 फीसदी ओपीटी के लिए पात्र थे। हाल ही में अमेरिकी अधिकारियों ने छात्रों के एफ-1 वीजा को मामूली अपराधों के आधार पर रद्द करना शुरू कर दिया है। इनमें ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन, डिंक एंड ड्राइव, ओवर स्पीडिंग और शॉप-लिफ्टिंग जैसे अपराध शामिल हैं। हैदराबाद से संबंधित कई छात्रों को ईमेल के जरिए बताया गया है कि उनका रिकॉर्ड समाप्त कर दिया गया है और अब वे अमेरिका में नहीं रह सकते। छात्रों को तुरंत देश छोड़ने का निर्देश दिया है।कई छात्रों ने दावा किया है कि उनकी पुरानी गलतियों को आधार बनाया जा रहा है, जिनकी सभी कानूनी कार्रवाई परी हो चकी हैं।

## खास खबर

### मैक्सवेल पर लगा जुर्माना

**मोहली** । भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने आईपीएल मुकाबले में आचारसंहिता उल्लंघन के लिए पंजाब किंग्स के ऑलराउंडर ग्लेन मैक्सवेल पर मैच फीस का 25 फीसदी जुमार्ना लगाया है। गई है। मैक्सवेल चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के खिलाफ मुकाबले में आचार संहिता तोड़ने के दोषी पाये गये थे। इसी कारण उन्हें सजा मिली है। आईपीएल की ओर से कहा गया कि मैक्सवेल आचार संहिता के उल्लंघन के लिए मैच फीस का 25 फीसदी जुमार्ना लगाया गया है और एक नकारात्मक अंक भी उनके खाते में जोड़ दिया गया है। इस मुकाबले में मैक्सवेल असफल रहे थे और केवल वे एक रन बनाकर आउट हो गए थे पर मैच में उन्होंने एक विकेट लिया था। मैक्सवेल ने आईपीएल के कोड ऑफ कंडक्ट के आर्टिकल 2.2 का उल्लंघन किया है पर उन्होंने अपने अपराध को स्वीकार कर लिया है, इसलिए इस मैच में अब आगे सुनिवाई नहीं होगी।

### आईसीसी मोबाइल क्रिकेट गेम करेगी लांच

**दुबई** । अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) अब अपने पहले मोबाइल क्रिकेट गेम को लॉन्च करने जा रही है। इससे क्रिकेट प्रशंसकों को अब मैच देखने के साथ ही गेमिंग की दुनिया में उतरने का अवसर भी मिलेगा। इस गेम से प्रशंसकों के साथह आईसीसी को भी खासा लाभ होगा। एक रिपोर्ट के अनुसार आइसीसी की डिजिटल टीम ने इस मोबाइल गेम को लॉन्च करने का प्रस्ताव रखा है। योजना को मंजूरी मिलने के बाद इसे लागू किया जाएगा। इसमें डेवलपर्स के लिए एक टेंडर जारी किया जाएगा। इकसे अलावा आईसीसी को गेमिंग के लिए जरुरी लाइसेंस भी लेना होगा। आईसीसी ये गेम इसलिए लांच कर रही है क्योंकि वह जानती है दुनिया भर में क्रिकेट फैल रहा है। वहीं भारत में क्रिकेट गेमिंग काफी सफल है। अनुमान है कि भारत में क्रिकेट गेमिंग का बाजार तेजी से बढ़ता जा रहा है।

### टेस्ट डेब्यू को लेकर भावुक हुए देवदत्त पडिक्कल

**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेटर देवदत्त पडिक्कल ने एक इंटरव्यू के दौरान अपने टेस्ट डेब्यू को लेकर खुशी और भावनात्मक अनुभव साझा किये। आरसीबी बोल्ड डायरीज से बातचीत में पडिक्कल ने बताया कि कैसे बचपन से देखा गया सपना पिछले साल पूरा हुआ और वह पल उनके लिए कितना खास था। देवदत्त पडिक्कल ने कहा, जब आप एक बच्चे के रूप में हर रात क्रिकेट देखते हुए सोते हैं, टेस्ट क्रिकेट को हासिल करने जैसा कुछ सोचते हैं और फिर एक दिन आप उसी सपने को जी रहे होते हैं। टेस्ट क्रिकेट खेलना मेरा सबसे बड़ा सपना था और पिछले साल जब मुझे मौका मिला, तो वह पल मेरे करियर का सबसे यादगार रहा। उन्होंने बताया कि टेस्ट कैप मिलने का अनुभव कितना भावनात्मक था। उन्होंने कहा, मुझे उस दिन की हर बात याद है पिछली रात क्या हुआ, सुबह कैसे उठे, मैदान पर क्या माहौल था।

### आईपीएल अंक तालिका में सीएसके को नुकसान

**मुम्बई** । इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) को पंजाब किंग के खिलाफ मिली हार के बाद अंक तालिका में हल्का बदलाव आया है। सीएसके अब नौवें स्थान पर खिसक गयी है। वहीं एक अन्य मैच में लखनऊ सुपर जायंट्स को कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के खिलाफ मिली जीत के बाद एक स्थान का लाभ हुआ है। पंजाब किंग्स ने इस सत्र में तीसरा मैच जीता पर वह अभी भी चौथे पायदान पर ही है जबकि रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू (आरसीबी) दूसरे जबकि गुजरात टाइटन्स है तीसरे व दिल्ली कैपिटल्स पहले नंबर पर है। शीर्ष पांच में शामिल सभी टीमों ने 3-3 मुकाबले जीते हैं पर नेट रन रेट के कारण पंजाब की टीम इस समय चौथे पायदान पर फिसल गयी है।

# सुरुचि और विजयवीर ने भारत को दिलाए दो स्वर्ण

▸ पदक तालिका में भारत शीर्ष पर

एजेंसी

**नई दिल्ली।** ब्यूनस आयर्स (अर्जेंटीना) में चल रहे आईएसएसएफ वर्ल्ड कप में मंगलवार को भारत ने शानदार प्रदर्शन करते हुए चीन को पदक तालिका में पछाड़ दिया है। सुरुचि सिंह और विजयवीर सिद्धू ने अपने-अपने वर्ग में गोल्ड मेडल जीतकर भारत की झोली में कुल चार स्वर्ण पदक डाल दिए।




18 वर्षीय सुरुचि इंदर सिंह ने महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में दमदार वापसी करते हुए चीन की तीन निशानेबाजों को पीछे छोड़ गोल्ड मेडल अपने नाम किया। फाइनल के नौवें शॉट तक सुरुचि केवल कियान वेई से पीछे थीं, लेकिन एक दुर्लभ 8.9 स्कोर ने उन्हें चौथे स्थान पर पहुंचा दिया। इसके बावजूद उन्होंने हिम्मत नहीं हारी और 10.7 तथा 10.8 जैसे शॉट्स के दम पर बढ़त बना ली। चार एलिमिनेशन के बाद वेई के साथ उनकी बढ़त 0.5 अंकों की थी।ओलंपिक मेडलिस्ट जियांग रैनशिन ने शूट-ऑफ में याओ कियानसुन को हराकर कांस्य पदक जीता।क्वालिफिकेशन में भी सुरुचि ने 583 स्कोर के साथ टॉप किया था। चीन की वेई (582-23७) और रैनशिन (582-17७) क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर रहीं।

पुरुषों की 25 मीटर रैपिड फायर पिस्टल स्पर्धा में विजयवीर सिद्धू ने खराब शुरूआत के बावजूद शानदार वापसी करते हुए गोल्ड मेडल जीता। पहले सीरीज में उन्होंने केवल एक शॉट पर निशाना लगाया था, लेकिन अगली तीन सीरीज में चार-चार निशाने लगाकर वह दूसरे स्थान पर पहुंच गए। जैसे ही रूस के इवान सेमिनिखिन बाहर हुए, विजयवीर ने पांच हिट के साथ मुकाबले पर पकड़ बनानी शुरू की। अंत में भारत के विजयवीर और इटली के रिकार्डो माजेट्टी 25 हिट के साथ संयुक्त रूप से पहले स्थान पर रहे। चीन के यांग यूहाओ को 23 हिट के साथ कांस्य से संतोष करना पड़ा। अन्य भारतीय गुरप्रीत सिंह (10वें स्थान पर, 575 अंक) और अनीश भनवाला (13वें स्थान पर, 570 अंक) फाइनल में जगह नहीं बना सके।

भारत अब तक इस टूनार्मेंट में 4 स्वर्ण, 1 रजत और 1 कांस्य जीत चुका है। चीन तीन स्वर्ण, दो रजत और तीन कांस्य के साथ दूसरे स्थान पर है।

# धोनी आईपीएल में 150 कैच पकड़ने वाले पहले विकेटकीपर बने

एजेंसी

**मोहाली** । चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) को यहां पंजाब किंग्स के खिलाफ मैच में भले ही हार का सामना करना पड़ा है पर उसके अनुभवी विकेटकीपर बल्लेबाज महेंद्र सिंह धोनी ने एक नया रिकार्ड बना दिया। इस मैच के दौरान धोनी आईपीएल इतिहास में विकेट के पीछे सबसे पहले 150 कैच पकड़ने वाले विकेटकीपर बन गए हैं। इस सूची में दूसरा नाम दिनेश कार्तिक का है। धोनी ने पंजाब किंग्स के खिलाफ रविचंद्रन अश्विन की गेंद पर नेहल वढेरा का कैच पकड़ते ही आईपीएल में अपना 150 वा कैच पकड़ा। वह आईपीएल में ये आंकड़ा हासिल करने वाले पहल खिलाड़ी हैं। वहीं दूसरे नंबर पर चल रहे कार्तिक के नाम 137 कैच हैं। तीसरे नंबर पर रिद्धिमान



साहा हैं, जिन्होंने 87 कैचों लिए हैं। वहीं चौथे नंबर पर ऋषभ पंत हैं। उनके नाम 76 कैच जबकि दक्षिण अफ्रीकी क्रिकेटर रिकी पोंटिंग के नाम 66 कैच हैं। पंजाब किंग्स के खिलाफ धोनी बल्लेबाजी के लिए पांचवे नंबर पर उतरे और उन्होंने 12 गेंदों में ही 27 रन बना दिया। इस पारी के दौरान उन्होंने एक चौका और 3 छक्के लगाये। उनका स्ट्राइक रेट 225 का था। इससे पहले के मैचों में वह आठवें या नौवे नंबर पर उतर रहे थी जिसपर प्रशंसकों ने नाराजगी जतायी थी।

# पहले मैच में न्यूजीलैंड से 2-1 से हारा भारत

एजेंसी

**पुणे।** भारत ने मंगलवार को बिली जीन किंग कप एशिया-ओशिनिया ग्रुप 1 मुकाबलों में न्यूजीलैंड के खिलाफ अपने अभियान की अच्छी शुरूआत की। मेजबान टीम ने शानदार शुरूआत की और श्रीवल्ली भामिदिपति ने अपने मैच में बेहतरीन जीत दर्ज की, लेकिन न्यूजीलैंड ने वापसी करते हुए बेहतर प्रदर्शन किया और पुणे के म्हालुंगे बालेवाड़ी टेनिस कॉम्प्लेक्स में 2-1 से मुकाबला जीत लिया। भारत के लिए सबसे पहले श्रीवल्ली भामिदिपति का सामना आइशी दास से हुआ। भारतीय युवा खिलाड़ी (जो अब तक लगातार रैंकिंग में ऊपर जा रही हैं) ने राष्ट्रीय टीम के लिए शानदार प्रदर्शन किया।




श्रीवल्ली ने मात्र एक घंटे के अंदर ही 6 ऐस और एक बेहतरीन ब्रेक-पॉइंट कन्वर्सेशन रेट के साथ एक व्यापक जीत हासिल की। श्रीवल्ली ने यह मुकाबला 6-1, 6-1 से जीता और भारत को न्यूजीलैंड के खिलाफ मुकाबले में 1-0 की बढ़त दिलाई। भारत बनाम न्यूजीलैंड मुकाबले के दूसरे मैच में सहजा यमलापल्ली ने दूसरे एकल मैच में अनुभवी लुलु सुन का सामना किया। युवा भारतीय खिलाड़ी को कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ा क्योंकि उनकी प्रतिद्वंद्वी ने कोर्ट और अपनी ताकत का बुद्धिमानी से इस्तेमाल किया। यह मैच एक घंटे और 13 मिनट तक चला, जिसमें लुलु सुन ने सहजा को अपने अंकों के लिए कड़ी मेहनत करने पर मजबूर कर दिया। आखिरकार, न्यूजीलैंड की खिलाड़ी ने 6-3, 6-3 से जीत दर्ज कर मुकाबला 1-1 से बराबर कर दिया। डबल्स मुकाबले में भारत की अनुभवी जोड़ी अंकिता रैना और प्रार्थना थोम्बरे का सामना लुलु सुन और मोनिक बैरी की कीवी जोड़ी से हुआ। भारतीय जोड़ी ने फ्लडलाइट्स में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया, लेकिन लुलु सन और मोनिक बैरी ने बेहतर प्रदर्शन किया। भारतीय जोड़ी कभी भी खेल पर नियंत्रण में नहीं दिखी, लेकिन उन्होंने बहादुरी से मुकाबला किया।

# रहाणे ने पिच क्यूरेटर पर साधा निशान

एजेंसी

**कोलकाता** । कोलकाता नाइटराइडर्स (केकेआर) के कप्तान अजिंक्य रहाणे यहां के ईडन गार्डन मैदान पर लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ मिली हार से निराश हैं। रहाणे ने हार के बाद पिच क्यूरेटर पर निशाना साधा। न्होंने कहा कि घरेलू मैदान पर होने के बाद भी उसके स्पिनरों को लाभ नहीं मिला। इससे पहले भी यहां हुए मैच में उसे हार का सामना करना पड़ा था। रहाणे ने कहा, ह्वसबसे पहले मैं यह स्पष्ट कर दूं कि स्पिनरों के लिए कोई मदद नहीं थी ह्ल इस मैच में रहाणे का पहले गेंदबाजी करने का फैसला भी सही नहीं रहा और विरोधी टीम




ने जमकर रन बनाये। रहाणे ने कहा, यह एक अच्छा विकेट था, हम सभी ने देखा, इस विकेट पर लगभग 500 रन बने, गेंदबाजों के लिए कठिन था पर उन्होंने हालातो का फायदा उठाया और बाउंड्री का बहुत अच्छा इस्तेमाल किया। घरेलू हालात के फायदे के बारे को लेकर कप्तान ने कहा, देखिए, विकेट के बारे में बहुत बाते हुई हैं और अगर मैं अभी कुछ बोलूंगा तो वेवजह मुद्दा बनेगा ह्ल रहाणे ने कहा कि इससे क्यूरेटर को ही अधिक प्रचार मिल जाएगा। मुझे लगता है कि वे इस प्रचार से खुश हैं। घरेलू पिच पर फायदे के बारे में सभी समझ सकते हैं। पिच को लेकर वह कोई भी बात अब आईपीएल प्रबंधन से ही करेंगे। इस विकेट पर सुपर जायंट्स के स्पिनर दिग्वेश राठी और रवि बिश्नोई ने अपने आठ ओवर में कुल मिलाकर 80 रन दो महत्वपूर्ण विकेट लिए पर केकेआर के रहस्मयी स्पिनर सुनील नरेन और वरुण चक्रवर्ती कोई विकेट नहीं ले पाये।

# आईपीएल में सीएसके और पंजाब मैच में बना कैच छोडने का रिकार्ड

एजेंसी

**मोहाली।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 18 वें सत्र में चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) का प्रदर्शन अब तक बेहद खराब रहा है और उसे लगातार हार का सामना करना पड़ा है। टीम को अब तक पांच मैचों में से चार में हार का सामना करना पड़ा है और वह अंक तालिका नौवें नंबर पर खिसक गयी है। पंजाब किंग्स के खिलाफ यहां हुए मैच में भी टीम को करारी हार मिली। इस मैच में सीएसके और पंजाब किंग्स की टीम ने कुल मिलाकर 9 कैच छोड़े हैं। पांच कैच सीएसके के खिलाड़ियों ने जबकि चार पंजाब ने छोड़ेइस प्रकार टीम के नाम एक अनचाहा रिकार्ड दर्ज हो गया है। यह आईपीएल के किसी भी मैच में सबसे ज्यादा कैच छोड़ने का



नया रिकॉर्ड है। इससे पहले 2023 में ईडन गार्डन्स में कोलकाता नाइट राइडर्स और सनराइजर्स हैदराबाद ने संयुक्त रुप से आठ कैच छोड़े थे।इस मैच में पंजाब की ओर से कठिन हालातों में प्रियांस आर्या ने आक्रामक शतक लगाकर टीम को 6 विकेट पर 219 रनों तक पहुंचाया। इसके बाद सीएसके लक्ष्य का पीछा करते हुए 5 विकेट पर 201 रन ही बना पायी।

### पंजाब किंग्स का समर्थन करती दिखीं महविश

**मोहाली** । आईपीएल में पंजाब किंग्स और चेन्नई सुपरकिंग्स (सीएसके) के बीच मैच में आरजे महविश को देखते ही अटकलों का नया दौर शुरू हो गया। इममें पंजाब किंग्स टीम ने चेन्नई सुपरकिंग्स (सीएसके) को हराया। इस मैच में महविश को देखते ही कहा जाने लगा कि वह स्पिनर यजुवेन्द्र चहल को देखने पहुंची हैं। फैंस इसी कारण वह पंजाब किंग्स का समर्थन कर रही हैं। मैच के 17वें ओवर में नूर अहमद की गेंद पर पंजाब किंग्स के बल्लेबाज शशांक सिंह ने छक्का लगाने का प्रयास और इस मैदान वह कैच आउट होते-होते बचे। ऐसे में पंजाब के प्रशंसकों के साथ ही महविश की बेहद उत्साहित दिखीं। वह इस दौरान टीम का हौंसला बढ़ाती दिखीं। महविश पहले भी कई बार चहल की टीम का समर्थन करने स्टेडियम में दिखी हैं।

# झारखंड की टीम ने स्टील प्लांट स्पोर्ट्स बोर्ड दिल्ली को हराया

▸ ऑल इंडिया महिला हॉकी प्रतियोगिता

एजेंसी

**रांची** । हॉकी सिमडेगा (झारखंड) ने सिमडेगा जिला के जूनियर और सब जूनियर स्तर के प्रशिक्षु महिला हॉकी खिलाड़ियों को प्रोत्साहित और बड़े प्रतियोगिताओं में खेलने का अनुभव प्राप्त हो इसलिए 05 अप्रैल से 12 अप्रैल 2025 तक बिलासपुर छत्तीसगढ़ में आयोजित 7३ँ नव भारत ऑल इंडिया महिला हॉकी प्रतियोगिता 2025 में जिला टीम की ओर प्रतियोगिता में सामिल कराया है। इस प्रतियोगिता में सिमडेगा की टीम ने आज अपने तीसरे मैच में स्टील प्लांट स्पोर्ट्स बोर्ड दिल्ली की टीम को 9-0 से रौंदकर सेमीफाइनल में प्रवेश कर गई। सिमडेगा टीम की



ओर से आज के मैच में स्वीटी डुंगडुंग ने पहले ही मिनट में गोल कर विरोधी टीम में खलबली मचा दी , फिर तीसरे मिनट में संदीपा कुमारी ने एक और गोल कर 2-0 से बढ़त ले ली, हाफ टाइम यानी दूसरे क्वार्टर तक फिर कोई गोल नही हुआ परंतु हाफ टाइम के बाद सिमडेगा के खिलाड़ियों ने आक्रमक रुख अपनाया और एक के बाद एक लगातार 07 गोल कर 9-0 से मैच अपने नाम कर ली। स्वीटी डुंगडुंग, राजमूनी कुमारी और अनुप्रिया सोरेंग ने दो दो गोल की जबकि रीना कुल्लू, संदीपा कुमारी और पुनीता मांझी ने एक एक गोल की। इससे पूर्व अपने पहले मैच में स्पोर्ट्स हॉकी अकादमी ऑफ खालसा कलकता को 6-1 से पराजित की थी तथा दूसरे मैच में एनसीआर प्रयागराज से 01-01 गोल पर ड्रॉ रही थी। । सिमडेगा टीम गंगी बारला, सीता कुमारी,एस्थर होरो, सुशीला कुजूर, रीना कुल्लू, अनुप्रिया सोरेंग, अनीसा कुल्लू, स्वीटी डुंगडुंग, जमुना कुमारी, पुष्पा मांझी, मनीषा मिंज, सोनाली तिर्की, प्रेमी बागे, अनिमा कडूलना, रीना कुमारी, राजमणि कुमारी, पुनीता मांझी, संदीपा कुमारी ,अमृता मिंज ,कोच रोहित बेसरा को सेमीफाइनल में पहुंचने पर खेल निदेशक श्री संदीप कुमार , हॉकी झारखंड के अध्यक्ष भोलानाथ सिंह, जिला खेल पदाधिकारी प्रवीण कुमार,हॉकी सिमडेगा के अध्यक्ष मनोज कोनबेगी , पंखरासियुस टोप्पो, सुनील तिर्की, कमलेश्वर मांझी, कोच तारिणी कुमारी, एलसन किड़ो , बसंत बा, कुनुल भेंगरा, करिश्मा परवार सहित हॉकी सिमडेगा के समस्त पदाधिकारियों ने बधाई और अगले मैच के लिए शुभकामनाएं दी है।

# प्रो पंजा लीग का बहुप्रतीक्षित दूसरा सीजन 5 अगस्त से

एजेंसी

**मुंबई।** भारत की सबसे रोमांचक और तेजी से लोकप्रिय हो रही आर्म रेसलिंग लीग प्रो पंजा लीग का दूसरा सीजन 5 अगस्त से शुरू होने जा रहा है। लीग का पहला सीजन काफी सफल रहा था, जिसे लाखों दर्शकों ने देखा और पसंद किया।

ब्रॉडकास्ट ऑडियंस रिसर्च काउंसिल के आंकड़ों के अनुसार पहले सीजन ने सोनी स्पोर्ट्स और दूरदर्शन पर कुल मिलाकर 3.2 करोड़ यूनिक व्यूअर्स बटोरे थे, जो कई नई लॉन्च हुई लीग्स से कहीं ज्यादा रहा। इस सफलता को देखते हुए आयोजक अब दूसरे सीजन को और भी बड़े स्तर पर लाने को तैयार




हैं। लीग आईपीएल स्टाइल फॉर्मेट में खेली जाएगी, जिसमें कई फ्रेंचाइज़ियां एक-दूसरे से भिड़ेंगी। 17 दिन तक चलने वाली इस प्रतियोगिता का हर मुकाबला रोमांच से भरपूर होगा। पहले सीजन में कोच्चि केडी ने खिताब अपने नाम किया था और अब सभी की निगाहें नए चैम्पियन पर टिकी होंगी। लीग का सीजन 2 ऐसे समय में शुरू हो रहा है, जब ठीक एक दिन पहले ही भारत-इंग्लैंड टेस्ट सीरीज 4 अगस्त को समाप्त होने जा रही है।क्रिकेट के बाद अब आर्म रेसलिंग का रोमांच भरपूर एंटरटेनमेंट देगा। लीग के सह-संस्थापक परवीन डबास ने बताया, ह्वपहले सीजन को जैसी प्रतिक्रिया मिली, हम उससे गदगद हैं। अब आर्म रेसलिंग सिर्फ.खेलने का शौक नहीं रहा, यह अब प्रोफेशनल स्पोर्ट बन चुका है। इस बार प्रतियोगिता का स्केल भी कहीं ज्यादा बड़ा होगा।ह्व उन्होंने आगे बताया कि हाल ही में मिजोरम में हुए प्रो पंजा मेगा मैचों में 15 से 20 हजार दर्शकों ने लाइव मुकाबले देखे। डबास ने विश्वास जताया कि दूसरे सीजन के बाद लीग और भी ज्यादा घर-घर पहुंच जाएगी।

# प्रियंका लूथरा भारतीय महिला अंडर - 19 क्रिकेट प्रशिक्षण शिविर में आमंत्रित

एजेंसी

**रांची।** बीसीसीआई सेंटर ऑफ एक्सीलेंस की मेजबानी में आगामी 25 अप्रैल से 21 म ई तक चंडीगढ़ के मोहाली स्टेडियम में अंडर-19 महिला टीम के प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया जाएगा। इसके लिए झारखंड से प्रियंका लूथरा को आमंत्रित किया गया है। भारतीय महिला क्रिकेट टीम की चयन? समिति ने गत दिनों प्रियंका लूथरा द्वारा बोर्ड मैचों में किए गए बेहतरीन प्रदर्शन के आधार पर उसका चयन किया है। बीसीसीआई सेंटर आफ एक्सीलेंस के हेड कोच वीवीएस



लक्ष्मण ने जेएससीए को भेजे पत्र में कहा है कि प्रियंका लूथरा 24 अप्रैल तक मोहाली स्टेडियम में रिपोर्ट करे। झारखंड क्रिकेट एसोसिएशन के लिए यह खुशी की बात है की एक बार पुनः झारखंड की महिला खिलाड़ी को भारतीय अंडर-19 महिला क्रिकेट के संभावित खिलाड़ियों सूची में शामिल किया गया है । इसके लिए झारखंड स्टेट क्रिकेट एसोसिएशन को एक फिटनेस मापदंड भी भेजा गया है जिसके तहत प्रियंका लूथरा को अपनी फिटनेस की तैयारी करनी है। साथ ही यह भी कहा गया है कि अगर प्रियंका लूथरा चाहे तो वह अपने फिटनेस के लिए बीसीसीआई सेंटर आफ एक्सीलेंस बेंगलुरु से संपर्क कर सकती है।

# क्रिकेट जगत के नए सुपरस्टार बने प्रियांश

एजेंसी

**नई दिल्ली।** इंडियन प्रीमियर लीग 2025 (आईपीएल 2025) की एक रात, जिसे प्रियांश आर्य कभी नहीं भूल पाएंगे—और शायद क्रिकेट प्रेमी भी नहीं। मंगलवार को पंजाब किंग्स की ओर से खेलते हुए इस 24 वर्षीय बल्लेबाज ने महज 42 गेंदों में 103 रन ठोक दिए। पहली ही आईपीएल सीजन, पहला ही शतक और वह भी ऐसे अंदाज में कि सोशल मीडिया पर उनकी पारी के वीडियो वायरल होने लगे। क्रिकेट के इस महाकुंभ में यह किसी फिल्मी स्क्रिप्ट जैसा डेब्यू था।

प्रियांश ने अपनी पारी की शुरूआत ही धमाकेदार अंदाज




में की। मैच की पहली ही गेंद पर खलील अहमद को डीप पॉइंट के ऊपर से छक्का जड़ा और पहले ओवर में कुल 16 रन बटोरे। शुरूआत से ही वह आक्रामक तेवरों में नजर आए और विकेट गिरने के बावजूद अपनी लय में बने रहे। उनकी 103 रनों की पारी में 7 चौके और 9 छक्के शामिल रहे। मैच के बाद पंजाब किंग्स के असिस्टेंट कोच ब्रैड हैडिन ने प्रियांश की जमकर तारीफ की। उन्होंने कहा, ह्वपहली ही प्रैक्टिस गेम में हमें पता चल गया था कि यह लड़का कुछ खास है। जब जोफ्रा आर्चर की गेंद पर आउट हुआ था, तब भी उसने माना कि वो एक बेहतरीन बॉल थी। लेकिन आज उसने दिखा दिया कि वह कितनी तेजी से सीखता है और कितना दमदार खिलाड़ी है। प्रियांश आर्य ने 2024 में दिल्ली प्रीमियर लीग में तब सुर्खियां बटोरी थीं, जब उन्होंने एक ही ओवर में लगातार छह छक्के जड़े थे। दक्षिण दिल्ली सुपरस्टार्ज. के लिए खेलते हुए उन्होंने 120 रन बनाए थे जिसमें 10 चौके और 10 छक्के शामिल थे। उस पारी में उनकी टीम ने 308/5 का विशाल स्कोर खड़ा किया था।

### सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी से आईपीएल तक का सफर

2023-24 की सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में प्रियांश दिल्ली के टॉप रन स्कोरर रहे थे। उन्होंने 7 पारियों में 222 रन बनाए, जिसमें एक शतक भी शामिल था जो उन्होंने वानखेड़े स्टेडियम में उत्तर प्रदेश के खिलाफ 10 छक्के लगाकर पूरा किया था। आईपीएल 2024 की नीलामी में वह नहीं बिके थे, लेकिन इस बार पंजाब किंग्स ने उन्हें ?3.8 करोड़ में खरीदकर टीम में शामिल किया झ और अब उन्होंने दिखा दिया कि वह इस कीमत के हर रुपये के हकदार हैं।




चीन के हनान प्रांत में साइकिल रेस में डुसान रेजाविव अन्य प्रतियोगियों से आगे निकलते हुए।



# स्पोर्ट्स में भी बना सकते हैं आकर्षक करियर

विराट कोहली जब महज तीन साल के थे, तभी से उन्होंने हाथों में क्रिकेट बैट पकड़ना सीख लिया था और जिद करके खुद के लिए अपने पिता से गेंदबाजी कराया करते थे। 9 वर्षों तक ये यूं ही गली-मोहल्ले में शौकिया क्रिकेट खेलते रहे। फिर एक दिन उनके पिता को एक दोस्त ने बेटे को क्रिकेट ट्रेनिंग दिलाने की सलाह दी। उन्होंने सुझाव पर सोच-विचार किया और विराट का दाखिला एक एकेडमी में हो गया। आज वे सफलता के किस मुकाम पर हैं, यह बताने की जरूरत नहीं। हो सकता है कि खेल के प्रति ऐसी ही कुछ खूबियां आपमें भी छिपी हों, जिन्हें समय रहते पहचानकर और उचित प्रशिक्षण के बाद आप भी सचिन तेंडुलकर, अभिनव बिंद्रा, सुशील कुमार, विश्वनाथन आनंद, मैरीकॉम, सानिया मिर्जा, साइना नेहवाल आदि जैसे कामयाब खिलाड़ी बन सकते हैं। क्रिकेट, हॉकी, फुटबॉल और टेनिस के अलावा बैडमिंटन, रेसलिंग, बॉक्सिंग, स्विमिंग, शूटिंग, बास्केटबॉल आदि खेल आज सिर्फ मनोरंजन के साधन नहीं हैं, बल्कि बेहतरीन करियर भी बनते जा रहे हैं। ऐसा भी नहीं है कि स्पोर्ट्स में सिर्फ खिलाड़ियों के लिए ही स्कोप है। आप चाहें, तो कोच, फिजिकल ट्रेनर, अंपायर, कमेंटेटर, स्कोरर, स्पोर्ट्स मैनेजर, स्पोर्ट्स एडिटर, क्यूरेटर, फिजियोथैरेपिस्ट, स्पोर्ट्स मेडिसिन प्रैक्टिशनर, स्पोर्ट्स इवेंट मैनेजर आदि के रूप में भी आकर्षक करियर बना सकते हैं।

## करियर के अवसर

भारत में युवा प्रतिभाओं के लिए स्पोर्ट्स में करियर ऑप्शंस की कमी नहीं है। स्पोर्ट्स एकेडमीज से ट्रेनिंग के बाद आप खिलाड़ी के तौर पर राज्य स्तरीय इवेंट्स में खेलते हुए राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर तक पहुंच सकते हैं। खिलाड़ी के तौर पर करियर खत्म होने के बाद स्पोर्ट्स कोच, कंसल्टेंट, अंपायर, रेफरी, टीम मैनेजर, फिटनेस इंस्ट्रक्टर, स्पोर्ट्स कमेंटेटर, स्पोर्ट्स जर्नलिस्ट, स्पोर्ट्स इक्विपमेंट सप्लायर आदि के रूप में करियर के अन्य ऑप्शंस भी चुन सकते हैं। बीपीएड/ एमपीएड कोर्स करके स्कूल-कॉलेज में फिजिकल टीचर बन सकते हैं। इसके अलावा क्यूरेटर भी एक अच्छा करियर ऑप्शन हो सकता है। क्रिकेट मैचों के लिए अच्छी पिच क्यूरेटर ही तैयार करते हैं। स्पोर्ट्स मेडिसिन प्रैक्टिशनर भी एक स्पेशलाइज्ड करियर है। स्पोर्ट्स इंडस्ट्री में इन दिनों इनकी खासी डिमांड है। एमबीबीएस प्रोफेशनल स्पोर्ट्स मेडिसिन का 2 वर्षीय डिप्लोमा कोर्स करके स्पोर्ट्स मेडिसिन प्रैक्टिशनर बन सकते हैं।

## पर्सनल स्किल

अगर स्पोर्ट्स में करियर बनाना चाहते हैं, तो इसके लिए आपमें प्रतिभा, रुचि और समर्पण होा बहुत जरूरी है। आधे-अधूरे मन से खेलकर इस फील्ड में कामयाबी पाना संभव नहीं है। खेलों के लिए कुछ बेसिक शारीरिक क्षमता होना बेहद जरूरी है। इसे फिटनेस ट्रेनिंग और कोचिंग से हासिल किया जा सकता है। राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय स्तर पर खेलने के लिए आपको खेल भावना भी रखनी होगी। ग्राउंड पर खिलाड़ियों के सामने विपरीत परिस्थितियों में अच्छा परफॉर्म करने का दबाव रहता है। इसलिए आपको मानसिक रूप से भी मजबूत रहना होगा।



# टेलीकॉम मैनेजमेंट में एमबीए कर बना सकते हैं बेहतर करियर




**भारत का दूरसंचार उद्योग (टेलीकॉम इंडस्ट्री) विश्व का दूसरा सबसे बड़ा टेलीकॉम उद्योग है। कारण है विशाल जनसंख्या। जितनी जनसंख्या, उतने उपभोक्ता और जितने उपभोक्ता, उतना बड़ा उद्योग। टेलीकॉम सेक्टर में टेलीफोन, टेलीविजन, इंटरनेट आदि शामिल हैं। आज शिक्षा के क्षेत्र में आधुनिक दूरसंचार साधनों का उपयोग हो रहा है। साथ ही, सरकार ने ई-गवर्नेंस भी शुरू किया है। कुल मिलाकर, टेलीकॉम के क्षेत्र में करियर निर्माण की बहुत उजली संभावनाएं हैं। आप टेलीकॉम मैनेजमेंट में एमबीए करके बेहतर करियर बना सकते हैं।**

## क्या है एमबीए टेलीकॉम मैनेजमेंट

टेलीकॉम मैनेजमेंट में एमबीए दरअसल मैनेजमेंट और टेक्नोलॉजी का मेल है। यह कोर्स करके आप दूरसंचार के विस्तृत नेटवर्क को मैनेज करने की स्किल्स सीख सकते हैं। इस डिग्री से आप टेलीकॉम ऑपरेशंस के इन पहलुओं पर पकड़ बना सकते हैं- फाइनेंस, ऑपरेशंस, मार्केटिंग, रेग्युलेटरी, लीगल फ्रेमवर्क। यह कोर्स 2 साल का होता है।

## कौन कर सकता है यह कोर्स

आप भी यह कोर्स कर सकते हैं, यदि आपके पास कम से कम 50 प्रतिशत अंकों के साथ बैचलर्स डिग्री है और आपने कैट/ जीमैट/ जैट/ स्नैप/ सीमैट आदि जैसी कोई प्रवेश परीक्षा क्लियर कर ली है। यदि आप इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशंस स्ट्रीम में इंजीनियरिंग की पृष्ठभूमि से हैं, तो इससे आपको अतिरिक्त लाभ होगा।

## जरूरी स्किल्स

सूचना और संचार प्रणालियों की मूलभूत अवधारणाओं को समझने के अलावा कुछ और स्किल्स होना जरूरी है। इसके लिए स्वयं से ये सवाल पूछें -

- क्या आपका दिमाग सदा सक्रिय रहता है
- क्या आप निर्णयक्षमता के धनी हैं
- क्या आपको लगता है कि आप लोगों द्वारा भरोसा किए जाने लायक हैं
- क्या आप दूसरों से सीखने को तत्पर रहते हैं
- क्या आपमें मौजूदा ट्रेंड्स को चुनौती देने का साहस है
- क्या आप दूसरों के साथ मिलकर काम कर सकते हैं
- क्या आप हमेशा अपना सर्वश्रेष्ठ करने को तत्पर रहते हैं

यदि इन सवालों के जवाब आप हां में देते हैं, तो आपमें यह कोर्स करने और टेलीकॉम मैनेजमेंट में करियर बनाने के लिए जरूरी स्किल्स हैं।

## करियर ऑप्शंस

टेलीकॉम सेक्टर के आकार और विस्तार के बढ़ने के साथ ही, टेलीकॉम मैनेजमेंट में एमबीए करने के बाद अवसरों में भी बेतहाशा वृद्धि हुई है। फ्रेशर हो या अनुभवी व्यक्ति, यदि कोई दृढ़ संकल्पित है, तो इस क्षेत्र में सफल हो सकता है। टेलीकॉम मैनेजमेंट में एमबीए करके आप इन क्षेत्रों में टेलीकॉम मैनेजमेंट प्रोफेशनल बन सकते हैं- सेल्स एंड डिस्ट्रिब्यूशन, प्राइसिंग, प्रोडक्ट डेवलपमेंट एंड मैनेजमेंट, मार्केटिंग एंड ऑपरेशंस, नेटवर्क प्लानिंग, सिक्योरिटी, टेलीकॉम कंसल्टिंग, इंटरनेशनल वॉइस ट्रेडिंग, टेलीकॉम रेग्युलेशन आदि। अनेक क्षेत्रों से जुड़ी सरकारी व प्राइवेट फर्म्स नई प्रतिभाओं को हायर करने को तैयार रहती हैं, जैसे- मोबाइल उत्पादक, ऑप्टिकल फाइबर उत्पादक, इंफ्रास्ट्रक्चर हार्डवेयर उत्पादक, वैल्यू एडेड सर्विस प्रोवाइडर्स (इंफोसिस/ माइक्रोसॉफ्ट/ विप्रो/ गूगल आदि), टेलीकॉम ऑपरेटर्स, इंटरनेट सर्विस प्रोवाइडर्स, बैंक, हॉस्पिटल, सिक्योरिटी फर्म्स आदि।

## सैलरी पैकेज

युवा ग्रेजुएट्स की सैलरी 3 से 5 लाख प्रति वर्ष होती है। अनुभव के साथ बढ़ते-बढ़ते यह 30 लाख रुपए तक भी जा सकती है।





# प्रकृति के साथ वक्त गुजारने का मौका देता है वाइल्डलाइफ कन्जर्वेशनिस्ट्स का करियर

अगर आप भी रोमांचक करियर की तलाश में हैं, तो वाइल्डलाइफ कन्जर्वेशन का क्षेत्र आपके लिए श्रेष्ठ है। एक रिपोर्ट के मुताबिक पूरी दुनिया में दुर्लभ जानवरों की हजारों प्रजातियां इस समय विलुप्त होने के कगार पर हैं और इसका सबसे बड़ा कारण है, जंगलों का लगातार काटा जाना। हालांकि कई संगठनों के सामने आने के बाद अब हालात में कुछ परिवर्तन आया है लेकिन पूरी तरह से तस्वीर बदलने के लिए जरूरत है, वाइल्डलाइफ कन्जर्वेशनिस्ट्स की। ये विशेषज्ञ जानवरों के आवास पर शोध कर उनका संरक्षण करने में मदद करते हैं। जाहिर है, यह करियर आपको प्रकृति के साथ ज्यादा वक्त गुजारने का मौका तो देता ही है, साथ ही रोमांचक भी है। अगर आप ऐसे ही रोमांचक करियर की तलाश में हैं, तो इस फील्ड से जुड़ सकते हैं।

## क्या है वाइल्डलाइफ कन्जर्वेशन

वाइल्डलाइफ कन्जर्वेशन के अंतर्गत विशेषज्ञ पर्यावरण में हो रहे परिवर्तनों का अध्ययन करके उनके कारणों की खोज करते हैं। साथ ही वे वाइल्डलाइफ को सहेजने यानी कन्जर्व करने की कोशिश भी करते हैं। जब भी ऐसी जगहों पर कोई निर्माण या दूसरी गतिविधि होती है, तो पहले इन्हीं विशेषज्ञों की अनुमति ली जाती है। यही नहीं, लुप्तप्राय प्रजातियों के संरक्षण का काम भी यही एक्सपर्ट्स करते हैं। इन्हीं विशेषज्ञों को कहा जाता है, वाइल्डलाइफ कन्जर्वेशनिस्ट।

## कौन-से कोर्सेज

इस फील्ड में करियर बनाने के लिए 12वीं में फिजिक्स, केमिस्ट्री और बायोलॉजी विषय होने जरूरी हैं। आप वाइल्डलाइफ साइंस, इकोलॉजी, एन्वायर्नमेंटल साइंस, फॉरेस्ट्री और इकोलॉजिकल डेवलपमेंट से ग्रेजुएशन कर सकते हैं। इसके बाद इन्हीं विषयों से पोस्ट ग्रेजुएशन और फिर पीएचडी की जा सकती है। इसके अलावा आप वाइल्डलाइफ मैनेजमेंट में पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा भी कर सकते हैं। कई ऐसे इंस्टीट्यूट्स हैं, जो फील्ड में प्रैक्टिकल ट्रेनिंग के साथ पढ़ाई करवाते हैं। ट्रेनिंग के दौरान विद्यार्थियों को कैम्पिंग के माध्यम से पढ़ाई करने का मौका मिलता है। वहीं कुछ इंस्टीट्यूट्स वाइल्डलाइफ फिलॉसफी में पोस्ट ग्रेजुएशन की डिग्री देते हैं, जिसे आर्ट ग्रेजुएट्स भी कर सकते हैं।

## क्या हैं संभावनाएं

आप राष्ट्रीय उद्यानों (नेशनल पार्क्स) व वन्य जीव अभयारण्यों (वाइल्डलाइफ सैंक्चुरीज) से जुड़कर काम कर सकते हैं। इसके अलावा डब्ल्यूटीआई, पेटा और वर्ल्डवाइड फंड फॉर नेचर जैसे अंतरराष्ट्रीय संगठनों में अपना करियर बना सकते हैं। सरकारी क्षेत्र में भी कई जॉब्स हैं। आप इंडियन फॉरेस्ट सर्विसेज की परीक्षा देकर बेहतरीन और प्रतिष्ठित जॉब कर सकते हैं। इसके अलावा आप बतौर साइंटिस्ट, रिसर्चर, स्पेशलिस्ट, एक्सपर्ट और एनालाइजर अपना करियर बना सकते हैं और वाइल्डलाइफ से जुड़े अलग-अलग तथ्यों को सामने ला सकते हैं।

## सैलरी कितनी

सरकारी रिसर्च और साइंस इंस्टीट्यूट्स से जुड़े प्रोफेशनल्स की शुरुआती सैलेरी 25,000 रुपए है, लेकिन अगर आप कॉर्पोरेट या इंटरनेशनल ऑर्गेनाइजेशंस के साथ काम कर रहे हैं, तो ट्रेनिंग में आपकी शुरुआत 50,000 रुपए से होगी। परमानेंट जॉब और बढ़ते अनुभव से आपका वार्षिक पैकेज 30-35 लाख तक हो सकता है।

## कैसी होनी चाहिए स्किल्स

सबसे पहले तो आपके अंदर प्रकृति और वन्यजीवों के प्रति लगाव होना चाहिए क्योंकि तभी आप कठिन परिस्थितियों में भी काम कर पाएंगे। वैसे भी जब तक आप अपने करियर को लेकर पैशनेट नहीं होंगे, तब तक सफलता नहीं मिलेगी। इसके अलावा आपमें समस्याओं के बारे में रिसर्च करने और उनका विश्लेषण करने का धैर्य होना चाहिए। एडवेंचरस होना और खतरों के लिए तैयार रहना भी महत्वपूर्ण है।



# कॅरियर रुपी मंजिल का चुनाव कैसे करें?

**आप शिक्षा के जिस भी स्तर पर हैं, उसी अनुरूप आप अपने कॅरियर के चुनाव में विभिन्न उपायों को आजमा सकते हैं। मान लीजिये कि आप दसवीं में हैं, तो मंजिल के चुनाव के लिए आप अपने टीचर, पेरेंट्स की सहायता ले सकते हैं और जान सकते हैं कि कौन सा कॅरियर आपके लिए किस ढंग से लाभकारी होगा?**

यह एक जांचा परखा तथ्य है कि अगर किसी व्यक्ति ने अपने कॅरियर के शुरुआती दौर में ही सही फैसले लेकर उचित कॅरियर का चुनाव कर लिया, तो उसकी आगे की राह काफी आसान हो जाती है। कहते हैं दुनिया में हर व्यक्ति सफर करता है, किंतु मंजिल पर पहुंचते बहुत कम लोग हैं। आप कह सकते हैं कि सही मंजिल पर कैसे पहुंचा जाए, तो इसमें यही बात समझने योग्य है कि सही मंजिल पर पहुंचने के लिए मंजिल का चुनाव, उसकी पहचान जरूरी है।


क्या आप दसवीं में हैं? या फिर आप 12वीं में अथवा ग्रेजुएशन कर चुके हैं? आप शिक्षा के जिस भी स्तर पर हैं, उसी अनुरूप आप अपने कॅरियर के चुनाव में विभिन्न उपायों को आजमा सकते हैं। मान लीजिये कि आप दसवीं में हैं, तो मंजिल के चुनाव के लिए आप अपने टीचर, पेरेंट्स की सहायता ले सकते हैं और जान सकते हैं कि कौन सा कॅरियर आपके लिए किस ढंग से लाभकारी होगा? खासकर दसवीं के बाद आपको साइंस या आर्ट्स में से कोई एक स्ट्रीम चुननी होती है। इसी तरह से अगर आप 12वीं में हैं तो आप साइंस में भी मैथ्स या बायो लेकर चलना होता है अथवा आर्ट्स या कॉमर्स स्ट्रीम को लेकर पढ़ाई करना होता है। वस्तुत: यहां से कॅरियर एक दिशा ले लेता है कि आप किसी प्रोफेशनल कोर्स में जाना चाहते हैं या फिर एनडीए अथवा दूसरे कोर्स की तैयारी करना चाहते हैं। ग्रेजुएशन में तो आपकी समझ पूरी तरह से खुल चुकी होती है और आपको पूरी तरह से पता होता कि हकीकत में करना क्या है। बस कई लक्ष्यों के बीच में खुद को कंफ्यूज ना करें, क्योंकि कन्फ्यूजन आपको आपकी मंजिल से दूर कर देगा। ध्यान रखना चाहिए कि भेड़ चाल से बचना कैसे है और अपने लक्ष्य को पूरी तरह से अपने मन मस्तिष्क के अनुसार चुनना चाहिए। जब आप मंजिल को ठीक से पहचान लेते हैं तब आपका काम काफी आसान हो जाता है।

## जुट जाएँ मंजिल तक पहुंचने में

जब एक बार मंजिल की पहचान हो जाती है, फिर आप तब तक ना रूकें, जब तक मंजिल पर पहुंच ना जाएँ। ध्यान रखें, डॉक्टर अब्दुल कलाम कहते हैं कि बैठे रहने वालों को वही मिलता है जो कोशिश करने वाले छोड़ देते हैं। अगर अपनी मंजिल को आपने पहचान लिया है तो आपको तेजी से और मजबूत कदमों से उस और बढ़ने की आवश्यकता होती है। इसके लिए न केवल ट्रेडिशनल कोर्सेज करें, बल्कि ऑनलाइन की दुनिया से अपने आपको लगातार अपडेट करें। केवल इतना ही पर्याप्त नहीं है कि आपने किसी यूनिवर्सिटी के डिग्री कोर्स में प्रवेश ले लिया है, बल्कि अपनी स्किल को निखारने के लिए आपको ऑनलाइन एजुकेशन, कोर्सेज के माध्यम से तमाम स्किल विकसित करनी होगी। इसके लिए कई फ्री तो कई पेड कोर्सेज उपलब्ध हैं, जिसे आप अपनी रूचि के अनुसार चुन सकते हैं। सबसे इंपोर्टेंट है खुद को लगातार अपग्रेड करना चाहिए। हालांकि रेगुलर पढ़ाई की महत्ता से इनकार नहीं किया जा सकता और इसके लिए आपको बेहतर से बेहतर संस्थान का चुनाव करना चाहिए और उसके प्लेसमेंट रिकॉर्ड को भी अपनी नजर में रखना चाहिए।

## भटकाव से बचें

आज के समय में तमाम एक्सपर्ट और रिसर्च इस बात के प्रति जागरूक करते हैं कि ऑनलाइन दुनिया में आपका समय बहुत खराब होता है। छोटे-छोटे बच्चे यूट्यूब और दूसरी ऑनलाइन साइट्स पर, गेम्स पर अपने जीवन का कीमती समय नष्ट करते हैं। यह धीरे-धीरे उनकी आदत बन जाती है और जो इंटरनेट अच्छी जानकारियों का सोर्स हो सकता है, उसे वह समय नुकसान करने का माध्यम बना लेते हैं। ना केवल बच्चे, बल्कि युवा भी इस पर अपना अच्छा खासा समय बर्बाद करते हैं, तो यह कहना अतिशयोक्ति नहीं होगी कि आज के समय में समय बर्बाद करने का सबसे महत्वपूर्ण साधन भी इंटरनेट ही बन गया है। इसके लिए आप अतिरिक्त सावधानी बरतेंगे तो आपका कॅरियर सही दिशा में अवश्य ही आगे बढ़ेगा। पहले समय पास करने का काम नालायक दोस्त किया करते थे, लेकिन कइयों की लाइफ में अब यह स्थान इंटरनेट में ले लिया है। हालाँकि, कई लोग इंटरनेट को 'सच्चा दोस्त' बनाकर अपनी जिन्दगी में बड़े बड़े मुकाम इसी की सहायता से प्राप्त कर रहे हैं, इसीलिए इस के सकारात्मक पक्ष पर फोकस करें और भटकाव से बचने के लिए इंटरनेट पर पर अतिरिक्त सावधानी बरतने की जरूरत है।



# रजनीकांत की कुली को लेकर आया अपडेट, वार 2 के निर्माताओं की बढ़ी चिंताएं

साउथ के सुपर स्टार रजनीकांत की फिल्म कुली को लेकर एक अपडेट सामने आया है। लोकेश कनगराज के निर्देशन में बनी रजनीकांत की बहुप्रतीक्षित फिल्म कुली की रिलीज की तारीख का एलान कर दिया गया है। फिल्म 14 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस के मौके पर दुनिया भर के सिनेमा घरों में रिलीज होगी।

## इस तारीख को रिलीज होगी कुली

टवीट में लिखा है कि कुली 14 अगस्त में दुनिया भर में रिलीज होगी। पोस्ट के साथ निर्माताओं ने एक पोस्टर भी जारी किया है। इसमें रजनीकांत सीटी बजाते हुए दिखाई दे रहे हैं।

## कुली का वार 2 से होगा टकराव

कुली की रिलीज के एलान से वार 2 के फिल्म निर्माताओं की चिंता बढ़ गई है। इसी तारीख यानी 14 अगस्त को फिल्म वार 2 दुनियाभर के सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। वार 2 में ऋतिक रोशन और साउथ के सुपर स्टार जूनियर एनटीआर भी हैं। ऐसे में ट्रेड एनालिस्ट अंदाजा लगा रहे हैं कि साउथ में फिल्म वार 2 का कुली के साथ टकराव हो सकता है। ऐसे में साउथ में फिल्म वार 2 का स्कोप खत्म हो गया है। अब देखना ये होगा कि वार 2 के फिल्म निर्माता अपनी फिल्म की रिलीज की तारीख आगे बढ़ाते हैं या फिर तय तारीख पर रिलीज करते हैं।

## कुली के बारे में

रजनीकांत की अदाकारी से सजी फिल्म कुली में बॉलीवुड स्टार आमिर खान, टॉलीवुड स्टार नागार्जुन, उपेंद्र, श्रुति हासन, मलयालम अभिनेता सौबिन शाहिर, रेबा मोनिका जॉन और सत्यराज अदाकारी करेंगे। कुली फिल्म को एक एक्शन थ्रिलर माना जा रहा है। इसे लोकेश कनगराज ने लिखा और निर्देशित किया है।

## वार के बारे में

फिल्म वॉर 2 2019 में आई ऋतिक रोशन, टाइगर श्रॉफ और वाणी कपूर स्टारर वॉर की अगली कड़ी है। इस बार भी फिल्म में ऋतिक रोशन अहम भूमिका में होंगे। उनके साथ जूनियर एनटीआर इस बार दो-दो हाथ करते दिखेंगे। इस फिल्म में जबरदस्त एक्शन और एडवेंचर देखने को मिल सकता है।



# तलाक के बाद अब खतरों से खेलती नजर आएंगी धनश्री वर्मा, खतरों के खिलाड़ी 15 का बनेंगी हिस्सा

धनश्री वर्मा का नाम इन दिनों चर्चा में बना हुआ है। क्रिकेटर युजवेंद्र चहल से तलाक के बाद अब खबरें आ रही हैं कि वह रोहित शेट्टी के रियलिटी शो खतरों के खिलाड़ी 15 में हिस्सा ले सकती हैं। आइडब्ल्यूएम बज की एक रिपोर्ट के मुताबिक शो के मेकर्स ने धनश्री से संपर्क किया है। अगर सब कुछ ठीक रहा तो वह इस शो की प्रतियोगी बन सकती हैं।

## पहले भी रियलिटी शो में आ चुकी हैं नजर

हालांकि, धनश्री की ओर से अभी तक इस बारे में कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है। धनश्री पहले भी रियलिटी शो का हिस्सा रह चुकी हैं। साल 2023 में उन्होंने झलक दिखला जा 11 में अपने डांस का हुनर दिखाया था। उस दौरान युजवेंद्र चहल भी शो पर पहुंचे थे और उन्होंने उनका हौसला बढ़ाया था, लेकिन अब दोनों के रास्ते अलग हो चुके हैं।

## अलग हो चुकी है धनश्री-चहल की राहें


धनश्री और चहल की शादी 2020 में हुई थी। 18 महीने तक अलग रहने के बाद 20 मार्च 2025 को दोनों का तलाक हो गया। चहल के वकील नितिन कुमार गुप्ता ने एएनआई को जानकारी दी कि कोर्ट ने तलाक की मंजूरी दे दी है। अब वे दोनों पति-पत्नी नहीं रहे। तलाक के बाद एक और खबर सामने आई। बताया जा रहा है कि चहल ने धनश्री को चार करोड़ 75 लाख रुपये का स्थायी गुजारा भत्ता देने की सहमति दी थी। इसमें से दो करोड़ 37 लाख रुपये धनश्री को मिल चुके हैं, लेकिन बाकी रकम का भुगतान न होने की वजह से फैमिली कोर्ट ने इसे नियमों का उल्लंघन माना है।

## जिंदगी में आगे बढ़ चुके हैं दोनों

धनश्री की बात करें तो वह तलाक के बाद अपने काम में व्यस्त हैं। जिस दिन उनका तलाक हुआ, उसी दिन उनका नया म्यूजिक वीडियो देखा जी देखा मैंने रिलीज हुआ। यह गाना बेवफाई की कहानी बयान करता है। दूसरी ओर, युजवेंद्र चहल भी अपनी जिंदगी में आगे बढ़ते दिख रहे हैं। तलाक के बाद उन्हें अपनी दोस्त आरजे महवाश के साथ क्रिकेट स्टेडियम में देखा गया। दोनों साथ में मैच का लुत्फ उठाते नजर आए।



# लव एंड वार में नजर आएंगी दीपिका पादुकोण, रणबीर संग करेंगी रोमांस



निर्देशक संजय लीला भंसाली की फिल्म लव एंड वॉर बहुप्रतीक्षित फिल्मों में से एक है। इस फिल्म में रणबीर कपूर, आलिया भट्ट और विक्की कौशल अहम भूमिकाओं में होंगे। अब, कथित तौर पर दीपिका पादुकोण भी इस फिल्म में शामिल हो सकती हैं। एक रिपोर्ट के मुताबिक अभिनेत्री को संजय लीला भंसाली के निर्देशन में बनने वाली फिल्म में एक भूमिका के लिए चुना जा रहा है। फिल्म में दीपिका पादुकोण की रणबीर कपूर के साथ 40 मिनट की भूमिका होगी।

## दीपिका रणबीर कर सकते हैं रोमांस

रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि रणबीर और दीपिका के बीच रोमांटिक सीन भी होंगे। इसलिए फिल्म को सीबीएफसी से ए सर्टिफिकेट मिल सकता है। खबरें ये भी हैं कि फिल्म में भंसाली कैटरीना को भी ले सकते हैं। शायद, एक खास डांस नंबर के लिए!

## फिल्म की कहानी के बारे में नहीं है पता

लव एंड वॉर ने रिलीज से पहले ही शानदार चर्चा बटोरी है क्योंकि इसमें कमाल की कास्टिंग है। फिल्म देखने वाले हमेशा संजय लीला भंसाली की फिल्म को बड़े पर्दे पर देखने के लिए उत्साहित रहते हैं। हालांकि फिल्म की कहानी अभी तक सामने नहीं आई है, लेकिन कहा जा रहा है कि लव एंड वॉर राज कपूर की फिल्म संगम से प्रेरित है जो एक लव ट्राइएंगल थी।

## अगले साल मार्च में रिलीज होगी फिल्म

हम सभी जानते हैं कि रणबीर और दीपिका एक दूसरे को डेट कर रहे थे। बाद में, रणबीर कैटरीना कैफ के साथ रिलेशनशिप में थे, जो अब विक्की कौशल से शादी कर चुकी हैं। दिलचस्प बात यह है कि फिल्म में पहले से ही रणबीर की रियल लाइफ पत्नी आलिया भट्ट हैं। लव एंड वार अगले साल मार्च में रिलीज हो सकती है। उम्मीद है फिल्म बॉक्स ऑफिस पर काई अच्छा कमाल करेगी।



# छावा के बाद अक्षय खन्ना के हाथ लगा बड़ा प्रोजेक्ट

बॉलीवुड अभिनेता अक्षय खन्ना एक बार फिर सुर्खियों में हैं। हाल ही में रिलीज हुई फिल्म छावा में औरंगजेब के किरदार से सबका हैरान कर देने के बाद अब वह अपनी अगली बड़ी फिल्म के साथ तैयार हैं। अक्षय ने प्रशांत वर्मा की फिल्म महाकाली साइन की है। यह फिल्म प्रशांत वर्मा सिनेमैटिक यूनिवर्स (पीवीसीयू) की तीसरी कड़ी होगी। फिल्म का निर्देशन पूजा अपर्णा कोल्लुरु कर रही हैं।

## महाकाली में दिखेंगे अक्षय खन्ना

ट्रेड एनालिस्ट तरण आदर्श ने सोशल मीडिया पर इस खबर की पुष्टि की। उन्होंने लिखा कि अक्षय खन्ना महाकाली में एक अहम भूमिका निभाएंगे। यह फिल्म आरकेडी स्टूडियोज के बैनर तले बन रही है। हनु-मान की शानदार सफलता के बाद अब महाकाली इस यूनिवर्स की अगली सुपरहीरो फिल्म होगी। यह एक पैन-इंडिया प्रोजेक्ट है जो देशभर के दर्शकों तक पहुंचेगा।

## बंगाल की सांस्कृतिक पृष्ठभूमि पर होगी फिल्म

महाकाली खास इसलिए है, क्योंकि यह भारत की पहली महिला सुपरहीरो फिल्म होगी। फिल्म की कहानी बंगाल की सांस्कृतिक पृष्ठभूमि पर आधारित है। लीड रोल में एक सांवली अभिनेत्री नजर आएगी। यह फिल्म सामाजिक संदेश के साथ भारतीय सिनेमा में सौंदर्य मानकों को फिर से परिभाषित करने की कोशिश करेगी।

## 2024 में हुआ था एलान

फिल्म का बैकग्राउंड बंगाल का है, जहां मां काली की पूजा गहरी आस्था के साथ होती है। 2024 में इसकी घोषणा हुई थी। महाकाली में बंगाल की परंपराओं और वहां की मिट्टी की खुशबू दिखेगी। फिल्म के निर्माता शानदार विजुअल्स और भावनात्मक कहानी के जरिए लोगों का दिल जीतने की कोशिश में हैं।

# क्या हॉलीवुड जाने की तैयारी में हैं ऋतिक? क्रिस्टोफर नोलन संग काम करने की जताई इच्छा



एक्टर ऋतिक रोशन अभिनय के बाद अब निर्देशन की दुनिया में अपना हुनर दिखाएंगे। हाल ही में उनके पिता व निर्देशक राकेश रोशन ने एलान किया कि कृष 4 के निर्देशन की कमान ऋतिक रोशन संभालेंगे। इससे उनके फैंस का उत्साह चरम पर है। दूसरी तरफ, ऋतिक अपनी आगामी फिल्म वॉर 2 को लेकर भी खूब चर्चा बटोर रहे हैं। इस बीच उनके हॉलीवुड में काम करने की चर्चा शुरू हो गई है। इसकी शुरुआत एक्टर के एक बयान के बाद शुरू हुई है। दरअसल, हाल ही में एक इवेंट के दौरान ऋतिक रोशन ने ब्रिटिश अमेरिकी निर्देशक क्रिस्टोफर नोलन के साथ काम करने की इच्छा जाहिर की है। ऐसे में ऋतिक के फैंस भी चाहते हैं कि पसंदीदा अभिनेता की यह मुराद जल्द पूरी हो। भारतीय इंडस्ट्री में 25 वर्ष पूरे करने पर अटलांटा में अपने यूएसए टूर के दौरान, ऋतिक रोशन ने ब्रिटिश-अमेरिकी निर्देशक क्रिस्टोफर नोलन के साथ काम करने जताई है। अकादमी पुरस्कार विजेता निर्देशक क्रिस्टोफर नोलन की तारीफ करते हुए ऋतिक ने कहा कि वे उनके फेवरेट निर्देशक हैं। बता दें कि क्रिस्टोफर नोलन मोमेंटो (2000), द डार्क नाइट ट्रिलॉजी (2005-2012), इनसेप्शन (2010), इंटरस्टेलर (2014) जैसी फिल्मों के लिए मशहूर हैं। उनकी पिछली चर्चित फिल्म ओपेनहाइमर (2023) है, जिसके लिए उन्हें अकादमी पुरस्कार मिला।



# मैं अपनी शादी को असफल नहीं मानता, बरखा बिष्ट से तलाक पर इंद्रनील ने बात की

इंद्रनील सेनगुप्ता और बरखा बिष्ट अब शादीशुदा जिंदगी में नहीं हैं। साल 2022 में दोनों ने अपनी शादीशुदा जिंदगी को खत्म कर तलाक ले लिया। बीते दिनों बरखा ने एक इंटरव्यू में अपनी निजी जिंदगी को लेकर कई बातें शेयर कीं। इस दौरान उन्होंने इंद्रनील के साथ अपनी शादीशुदा जिंदगी का भी जिक्र किया। उन्होंने इंद्रनील पर चीटिंग करने का आरोप लगाया। वहीं, इंद्रनील का मानते हैं कि बरखा के साथ उनकी शादी असफल नहीं रही।

## तलाक ने सकारात्मक रूप से बदला

बरखा बिष्ट के चीटिंग के आरोपों के बीच हाल ही में इंद्रनील सेनगुप्ता ने बरखा के साथ अपनी शादीशुदा जिंदगी पर बात की। उन्होंने यह भी बताया कि अलगाव के बावजूद वे अपनी शादीशुदा जिंदगी को असफल क्यों नहीं मानते हैं? एक पॉडकास्ट में इंद्रनील ने अपनी शादी को लेकर बात की और कहा कि तलाक ने उन्हें सकारात्मक तरीके से बदला है।

## शादी में कई खूबसूरत पल आए

इंद्रनील सेनगुप्ता ने संघमित्रा हितैषी के पॉडकास्ट पर बताया कि बरखा बिष्ट से तलाक का उनके जीवन पर क्या पॉजिटिव प्रभाव पड़ा? उन्होंने अपने अलगाव के बाद अपनी पर्सनल ग्रोथ पर बात की। इंद्रनील ने कहा कि कुछ लोग बरखा के साथ उनकी शादी को असफलता मान सकते हैं। हालांकि, उनका मानना है कि यह शादी 13 वर्षों तक सफल रही। उन्होंने इस बारे में कहा कि दोनों की शादीशुदा जिंदगी में कई अच्छे पल आए, कुछ बहुत अच्छे पल आए और कुछ चुनौतीपूर्ण पल भी रहे।

## 2008 में हुई कपल की शादी

इंद्रनील ने आगे कहा कि वे अपनी शादी को असफल नहीं कहना चाहेंगे। उन्होंने बताया कि उनकी और बरखा की यात्रा किस तरह व्यक्तिगत रही। और किस तरह बदलाव आए। उन्होंने कहा, कभी-कभी व्यक्तित्व बदल जाते हैं। हम पहले दिन से ही अलग लोग थे। जैसे-जैसे साल बीतते गए, हम खुद से ज्यादा अलग होते गए। मैं असफलता शब्द से सहमत नहीं हूं। कोई भी चीज असफल नहीं होती। बता दें कि बरखा और इंद्रनील की शादी साल 2008 में हुई। 2011 में कपल ने बेटी का स्वागत किया। तलाक के बाद बेटी बरखा के साथ रहती है।



# इस खास दिन पर रिलीज होगी चिरंजीवी की विश्वंभरा!

विश्वंभरा चिरंजीवी की बहुप्रतीक्षित फिल्म है, जिसकी रिलीज डेट के एलान का इंतजार फैंस को बेसब्री से है। इस फिल्म के जरिए चिरंजीवी और निर्देशक वशिष्ठ मल्लिदी पहली बार साथ काम कर रहे हैं। रिपोर्ट्स के अनुसार, विश्वंभरा 24 जुलाई, 2025 को रिलीज हो सकती है यह तारीख मेगा प्रशंसकों के लिए विशेष महत्व रखती है, जिसके पीछे की वजह चिरंजीवी ही है। दरअसल, यह चिरंजीवी की हिट फिल्म इंद्र (2002) की रिलीज की सालगिरह है। हालांकि, फिल्म की रिलीज डेट पर निर्माताओं की ओर से आधिकारिक एलान का इंतजार है। फिल्म में तृषा, आशिका रंगनाथ, कुणाल कपूर, राम्या पसुपलेटी, ईशा चावला और आश्रिता वेमुगंती नंदूरी भी हैं।



# विकसित भारत की कल्पना स्वस्थ भारत से पूर्ण होगी : राज्यपाल

## उप्र की राज्यपाल ने आकांक्षा समिति के एचपीवी टीकाकरण अभियान का किया शुभारंभ







**नोएडा ( चेतना मंच )।** आकांक्षा समिति गौतम बुद्ध नगर द्वारा 9 वर्ष से अधिक आयु की छात्राओं को सर्वाइकल कैंसर से सुरक्षित रखने हेतु एच.पी.वी. टीकाकरण अभियान आज पंचशील बालक इंटर कॉलेज सेक्टर 91 नोएडा में चलाया गया।

उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदी बेन ने पंचशील बालक इंटर कॉलेज सेक्टर 91 नोएडा पहुंचकर एच.पी.वी. टीकाकरण अभियान का रिबन काटकर विधिवत रूप से शुभारंभ किया। इस दौरान सांसद डॉ. महेश शर्मा, विधायक नोएडा पंकज सिंह, विधायक जेवर धीरेंद्र सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष अमित चौधरी, एमएलसी नरेंद्र भाटी, आकांक्षा समिति की जिला अध्यक्ष डॉ. अंकिता राज, पुलिस आयुक्त लक्ष्मी सिंह, मुख्य कार्यपालक अधिकारी नोएडा प्राधिकरण लोकेश एम, जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा, सहयोगी संस्था एईपीसी अध्यक्ष ललित ठकराल, फेलिक्स अस्पताल के सीएमडी डॉ. डीके गुप्ता तथा उनकी धर्मपत्नी डॉ. रश्मिी गुप्ता, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक रेनू अग्रवाल, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. नरेंद्र कुमार, पुलिस एवं प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों सहित संकल्प कैंसर केयर फाउंडेशन तथा रोटरी क्लब के संबंधित पदाधिकारी उपस्थित रहे।

एच.पी.वी. टीकाकरण अभियान के शुभारंभ अवसर पर आंगनवाड़ी केंद्रों के बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की मनमोहक प्रस्तुति दी गई तथा सर्वाइकल कैंसर प्रीवेंशन अवेयरनेस वीडियो का प्रसारण भी किया गया। इस दौरान महामहिम राज्यपाल द्वारा विभिन्न विभागों के लाभार्थियों को





प्रमाण पत्र एवं लैपटॉप, ट्राईसाईकिल, टूलकिट, टैबलेट आदि का वितरण तथा सर्वाइकल कैंसर के वैक्सीनेशन में सहयोग प्रदान करने वाले लोगों को सम्मानित भी किया गया। साथ ही छात्राओं को वैक्सीनेशन किट भी वितरित की गई। इस अवसर पर आंगनबाड़ी केन्द्रों के निर्माण हेतु जिला प्रशासन एवं रोटरी क्लब ओखला दिल्ली के मध्य मेमोरेंडम का अंडरस्टैंडिंग(एम.ओ.यू) भी हस्ताक्षर किए गए।उत्तर प्रदेश की राज्यपाल ने कहा कि सर्वाइकल कैंसर से बचाव हेतु एचपीवी वैक्सीनेशन काफी महंगा होता है, इसलिए इसमें परिवार, समाज, उद्यमियों एवं जनप्रतिनिधियों को आगे आने की जरूरत है। कंपनियां अपने सीएसआर फंड का अधिक से अधिक प्रयोग स्वास्थ्य के क्षेत्र में करें, क्योंकि भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के विकसित भारत का संकल्प यह है कि सभी देशवासी शिक्षा एवं स्वास्थ्य के क्षेत्र में मजबूत रहे तभी उनका यह विकसित भारत का संकल्प पूरा होगा।

इस अवसर पर उपस्थित सांसद एवं विधायकगणों ने भी एचपीवी वैक्सीनेशन के संबंध में कार्यक्रम में उपस्थित छात्राओं को विस्तृत जानकारी उपलब्ध कराई।

जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने एचपीवी वैक्सीनेशन अभियान के संबंध में राज्यपाल को विस्तृत जानकारी उपलब्ध कराई। साथ ही कार्यक्रम में उपस्थित छात्राओं को सर्वाइकल कैंसर के विषय में जानकारी देते हुए इसे किस प्रकार बचा जा सकता है, इसकी पूर्ण जानकारी छात्राओं को दी और कहा कि आप अपने सगे संबंधियों को भी इसके संबंध में जागरूक बनाते हुए टीकाकरण के लिए प्रेरित करें। आकांक्षा समिति की जिला अध्यक्ष डॉ. अंकिता राज में सर्वाइकल कैंसर के विषय में विस्तार से बताया और कहा कि एचपीवी वैक्सीनेशन से सर्वाइकल कैंसर जैसी घातक बीमारी से बचा जा सकता है।

एचपीवी वैक्सीनेशन अभियान के दौरान कुल 506 छात्रों का टीकाकरण किया गया। कार्यक्रम के अंत में अपर जिलाधिकारी प्रशासन मंगलेश दुबे द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित सभी अतिथियों को धन्यवाद ज्ञापित किया।

## भाजपा का सक्रिय कार्यकर्ता सम्मेलन सम्पन्न



**नोएडा ( चेतना मंच )।** भाजपा नोएडा महानगर की सक्रिय सदस्य कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस सम्मेलन में मुख्य अथिति के रूप में क्षत्रिय अध्यक्ष सत्येंद्र सिसोदिया, सांसद डॉ. महेश शर्मा, विधायक पंकज सिंह रहे।

क्षेत्रिय अध्यक्ष ने कार्यकर्ताओं के साथ समीक्षा बैठक की साथ ही उन्होंने सरकारी योजनाओं को हर घर तक पहुंचाने का निर्देश दिया। समेलन की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष महेश चौहान ने की और सभी कार्यकर्ताओं से जन जन तक पहुँचने के लिए आग्रह किया।

इस समारोह में राष्ट्रीय प्रवक्ता गोपाल अग्रवाल, पूर्व मंत्री नवाब सिंह नागर, पूर्व विधायक श्रीमती विमला बाथम, पूर्व अध्यक्ष जुगराज सिंह, बिजेंद्र नागर, मनीष शर्मा, धर्मेंद्र गुप्ता, डिंपल आनंद, उमेश त्यागी, गणेश जाटव, पूनम सिंह, योगेंद्र चौधरी, गिरीश कोटनाला, प्रमोद बेहल, चमन आवना, प्रज्ञा पाठक, गोपाल गौर, उमेश यादव, महेश आवना, सचिन अंबावता , गिरजा सिंह, सुचित्रा कक्कड़, शारदा चतुर्वेदी, करतार चौहान, सभी मंडल अध्यक्ष एवं जिला पदाधिकारी और पार्टी के अन्य वरिष्ठ पदाधिकारी गण एवं कार्यकर्ताओं मौजूद रहे।

## दो दिनों से वंचित आवेदक पुनः पासपोर्ट कार्यालय में आकर एप्वाइन्टमेन्ट लें : अनुज स्वरूप

**नोएडा ( चेतना मंच )।** तकनीकी कारणों से 8 तथा 9 अप्रैल को कार्यालय में पासपोर्ट सिस्टम सम्बंधी सर्वर डाउन रहा है, जिसके कारण उक्त तिथियों में कुछ आवेदकों के पासपोर्ट आवेदन कार्यालय में जमा नहीं हो पाए हैं।

क्षेत्रीय पासपोर्ट अधिकारी अनुज स्वरूप ने बताया कि सम्बन्धित आवेदकों, जिनका एप्वाइन्टमेन्ट 9 अप्रैल को था, को इस संदर्भ में एस.एम.एस.के माध्यम से सूचना प्रदान कर दी गयी है। इसी के साथ यह भी सूचित किया जाता है कि जिन आवेदकों का अंतिम एप्वाइंटमेंट उक्त तिथियों में था, उनको एक अतिरिक्त एप्वाइंटमेंट भी प्रदान किया जाएगा। उन्होंने कहा कि आवेदक पुनः एप्वाइंटमेंट बुक करके सम्बंधित कार्यालय में जाएं।

यदि किसी आवेदक को किसी प्रकार की तत्काल आवश्यकता हो तो वे अपने एप्वाइंटमेंट स्लिप के साथ अन्य आवश्यक दस्तावेज, जिनसे तत्काल आवश्यकता का पता चले जैसे फ्लाइट की टिकेट आदि को Contact.rpogzb@mea.gov.in पर ई–मेल कर सकते हैं, जिस सम्बन्ध में आवेदकों को सहायता प्रदान की जाएगी।

## 'नवकार मंत्र' दुनिया का श्रेष्ठ मंत्र है : मुनि विमल कुमार

**नोएडा ( चेतना मंच )।** नोएडा के सेक्टर-19 में आचार्य



श्री महाश्रमण के शिष्य शासन मुनि विमल कुमार के सानिध्य में नवकार मंत्र दिवस पर तेरापंथ जैन समाज के साथ मिलकर मंत्र जाप किया गया। महाराज विमल कुमार ने फरमाया कि नवकार मंत्र दुनिया का श्रेष्ठ मंत्र है। इस मंत्र का जाप करना से किसी भी प्रकार के संकट और कष्ट को ख़त्म किया जा सकता है। नवकार मंत्र केवल जैन धर्म का मंत्र न होकर संपूर्ण भारत का एक ऐसा मंत्र है जो सभी धर्मों के लोग इसका प्रयोग करते हैं। जैन मुनि ने बताया कि नवकार मंत्र ग़ाज़ा हमें प्रतिदिन करना चाहिए द्य जैन समाज के लोगों ने आज भारत सरकार इस कार्यक्रम में हिस्सा लिया।

### सभी दुखों का निवारण करता है नवकार मंत्र : विकास जैन

विश्व नवकार मंत्र दिवस पर उत्तर प्रदेश युवा व्यापार मंडल के



प्रदेश अध्यक्ष विकास जैन ने कहा कि इस मंत्र सभी दुखों का निवारण होता है। नवकार मंत्र का जाप से मन को शांति प्राप्त होती है। देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज जैन समाज के कार्यक्रम में समित होगा हम सभी का मान बढ़ाया। सम्पूर्ण जैन समाज की ओर से श्री मोदी जी का आभार। जैन ने आगे कहा कि हम सभी को शाकाहार रहना चाहिए। हमें किसी जीव की हत्या करने का कोई हक़ नहीं है।